# नौतपा की तपिश के बीच सियासी उबाल: जीतू पटवारी का सीएम पर तंज, सांसद बोले- मुख्यमंत्री पर घटिया मजाक बर्दाश्त नहीं

सतना।

नौतपा की भीषण गर्मी और उमस के बीच सतना की राजनीति का पारा अचानक सातवें आसमान पर पहुंच गया है। सोमवार की शाम सतना पहुंचे मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के बयानों ने प्रदेश की सियासत में भूचाल ला दिया है। सोमवार देर रात तक चले 'जनसंवाद कार्यक्रम' के मंच से जीतू पटवारी ने मजाकिया लेकिन बेहद तीखे लहजे में सूबे के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के कामकाज और उनके प्रशासनिक प्रभाव पर सवाल खड़े किए। वहीं,उनके इस हमले पर भारतीय जनता पार्टी ने भी बेहद आक्रामक रुख अख्तियार करते हुए कड़ा पलटवार किया है।





### सरकार में अलीबाबा चालीस चोर का राज,कैंसर की तरह फैला भ्रष्टाचार

मंच से जनता को संबोधित करते हुए कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने मुख्यमंत्री के नाम पर चुटकी लेते हुए उन्हें 'मोहनलाल अभिनंदन यादव' कह डाला। पटवारी यहीं नहीं रुके,उन्होंने राज्य सरकार की कार्यप्रणाली की तुलना 'अलीबाबा चालीस चोर' की कहानी से करते हुए कहा कि आज मध्य प्रदेश भ्रष्टाचार के आकंठ में डूबा हुआ है। अगर प्रदेश से भ्रष्टाचार के इस 'करेपसन वाले कैंसर' को खत्म करना है, तो हमें सांसद, विधायक, निगम और पार्षद... सबका 'सूपड़ा साफ' करना होगा। पटवारी ने मंच से 'लाड़ली बहना' जैसी योजनाओं के भविष्य और उनके बंद होने की अटकलों को लेकर भी शिवराज-मोहन सरकार को जमकर घेरा।

### सांसद गणेश सिंह का पलटवार: यह घटिया और अमर्यादित आचरण

जीतू पटवारी के इस बयान के बाद सतना की भाजपा इकाई और सांसद गणेश सिंह ने मोर्चा संभाल लिया। देर रात ही सोशल मीडिया पर सामने आकर सांसद गणेश सिंह ने कांग्रेस अध्यक्ष के बयानों की कड़े शब्दों में निंदा की।

### सांसद गणेश सिंह ने कहा अमर्यादित भाषा

एक संवैधानिक पद पर बैठे सूबे के मुख्यमंत्री का नाम लेकर इस तरह का घटिया मजाक उड़ाना बेहद आपत्तिजनक है। इसकी जितनी निंदा की जाए कम है।जीतू पटवारी को प्रदेश का विकास दिखाई नहीं दे रहा है। वे जहां भी जा रहे हैं,सिर्फ मुख्यमंत्री,मंत्रियों और जनप्रतिनिधियों के खिलाफ अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं। पीसीसी चीफ को दूसरों पर उंगली उठाने से पहले खुद का हिसाब देना चाहिए। उनके अपने विधायक सिर्फ गेट लगवाकर फोटो खिंचवाने में व्यस्त हैं।

### 2003 के 'बीमारू' दौर की याद दिलाई

भाजपा सांसद ने इतिहास खंगालते हुए कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष को यह नहीं भूलना चाहिए कि साल 2003 से पहले कांग्रेस के शासनकाल में मध्य प्रदेश 'बीमारू राज्य' की श्रेणी में खड़ा था। उन्होंने कहा कि पटवारी को वर्तमान सरकार पर कीचड़ उछालने से पहले अपनी पार्टी के उस काले कार्यकाल का हिसाब जनता को देना चाहिए।

### सियासी गलियारों में चर्चा तेज

नौतपा की इस तपन में सतना से उठी यह सियासी चिंगारी अब पूरे प्रदेश में फैलती दिख रही है।एक तरफ जहां कांग्रेस इस जनसंवाद के जरिए कार्यकर्ताओं में नई जान फूंकने का दावा कर रही है,वहीं भाजपा ने इसे कांग्रेस की हताशा और अमर्यादित राजनीति का प्रतीक करार दिया है।

## खबर संक्षेप

### रेवांचल सुपर फास्ट में 15 जून से लगेगा इकोनॉमी कोच

**सतना।** रीवा से रानी कमलापति (भोपाल) के बीच रोजाना दौड़ने वाली रेवांचल सुपरफास्ट एक्सप्रेस के यात्रियों के लिए राहत भरी खबर है। इस ट्रेन में अब एक अतिरिक्त थर्ड एसी इकोनॉमी कोच लगाया जाएगा। रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार,रानी कमलापति-रीवा एक्सप्रेस (12185) में यह कोच 15 जून से और रीवा-रानी कमलापति एक्सप्रेस (12186) में 16 जून से स्थाई रूप से उपलब्ध रहेगा। इससे कम किराए में बेहतर एसी सफर की सुविधा मिल सकेगी।

### बाबा दयालदास साहिब की वर्सी महोत्सव आज से



**सतना।** सिंधी कॉलोनी स्थित बाबा मेहरशाह दरबार साहिब में महंत स्वामी पुरषोत्तमदास जी सानिध्य में बाबा दयालदास साहिब जी एवं बाबा मेहरशाह साहिब जी के यादगार दिवस धूमधाम से 27 मई से 29 मई तक मनाया जाएगा। इस अवसर पर देश के कोने कोने से संत महात्माओं के साथ सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु सपरिवार शामिल होंगे। बाबा मेहरशाह दरबार साहिब के प्रमुख प्रवक्ता राजकुमार बजाज ने बताया कि परम पूज्य सतगुरु श्री1008 महंत बाबा दयालदास साहिब जी का 44 वां वर्सी महोत्सव एवं परमपूज्य सतगुरु श्री1008 महंत बाबा मेहरशाह साहिब जी का यादगार दिवस के अवसर पर स्थानीय संतों-ब्राम्हणों की उपस्थिति में दि.27 मई को12 बजे श्री पाठ साहिब आरंभ होगा।तत्पश्चात कन्या भोजन एवं दीनबंधु भण्डारा होगा। वही शाम 6 बजे से श्रीमद् भागवत कथा का रसपान आचार्य अमरकृष्ण जी कराएंगे। बाबा मेहरशाह सेवा मंडल ने सभी श्रद्धालुओं से सपरिवार शामिल होकर संतों की अमरवाणी के साथ आर्शीवाद प्राप्त करने की अपील की है।

### केबल एवं वायर तकनीक में उद्योग-संलग्न शिक्षा की नई पहल, एकेएस विश्वविद्यालय ने शुरू किए विशेष तकनीकी पाठ्यक्रम



**सतना।** एकेएस विश्वविद्यालय ने तकनीकी शिक्षा को उद्योग की वास्तविक आवश्यकताओं से जोड़ते हुए केबल एवं वायर प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में विशेष डिप्लोमा,बी.टेक तथा एमटेक कार्यक्रमों की शुरुआत कर एक नई शैक्षणिक दिशा निर्धारित की है।तेजी से विस्तारित हो रहे पावर एवं इलेक्ट्रिकल विनिर्माण क्षेत्र को ध्यान में रखकर तैयार किए गए ये पाठ्यक्रम विद्यार्थियों को केवल सैद्धांतिक ज्ञान ही नहीं,बल्कि आधुनिक औद्योगिक दक्षता से भी सुसज्जित करेंगे। इस अभिनव पहल को सशक्त आधार प्रदान करने के लिए विश्वविद्यालय ने यूसीएल केबल इंडस्ट्रीज के साथ एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) संपादित किया है। समझौते पर अनंत कुमार सोनी तथा यूसीएल के सहायक उपाध्यक्ष (एचआरडी) मनोज तिवारी ने हस्ताक्षर किए।

### श्रीमद्भागवत महापुराण राधारमण मन्दिर

**सतना।** ग्राम - झिंगोदर जिला - सतना में तृतीय दिवस की कथा में कथा व्यास श्री सतीश कृष्णचंद्र शास्त्री जी ने माता सती की कथा जोकि हिंदू पौराणिक कथाओं का एक अत्यंत पवित्र और भावुक प्रसंग है। यह देवी सती के भगवान शिवजी के प्रति अटूट प्रेम और अपने पिता राजा दक्ष के अहंकार के कारण हुए अपमान और उनके द्वारा अपने प्राणो की आहूति देने की कहानी है।

# जमीन विवाद में महिला को छत से धक्का देने के बाद मचा हड़कंप, केस दर्ज



मैहर।

मैहर जिले के नादन थाना क्षेत्र अंतर्गत जरियारी गांव में जमीन विवाद को लेकर एक महिला के साथ मारपीट और उसे छत से धक्का देने का मामला सामने आया है। घटना का वीडियो मंगलवार सुबह सामने आने के बाद इलाके में हड़कंप मच गया।पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीडिता ममता पटेल पति राजेन्द्र प्रसाद पटेल उम्र 35वर्ष निवासी ग्राम जरियारी ने थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है। महिला के अनुसार घटना 23 मई की सुबह करीब 6 बजे की है। वह अपने घर की छत पर मौजूद थी,तभी पड़ोसी रमेश पटेल भी अपनी छत पर आ गया। दोनों घरों की छतें आपस में जुड़ी हुई हैं। शिकायत के मुताबिक पुराने जमीन बंटवारे के विवाद को लेकर आरोपी रमेश पटेल गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने डंडे से मारपीट की और फिर महिला को छत से धक्का दे दिया। महिला सीढ़ियों से होते हुए नीचे गिर गई,जिससे उसके दोनों घुटनों और सिर में चोट आई है। पीडिता ने आरोप लगाया कि घटना के दौरान आरोपी ने जान से मारने की धमकी भी दी।महिला की चीख -पुकार सुनकर गांव के हनुमानदीन पटेल,प्रदीप पटेल और मदन पटेल मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव किया।

घटना का वीडियो मंगलवार सुबह सामने आने के बाद मामला चर्चा का विषय बन गया। वीडियो में स्पष्ट दिख रहा है कि विवाद के बाद आरोपी ने महिला को छत से धक्का दे दिया है जिससे महिला नीचे जा गिरी है नीचे मौजूद लोगों ने महिला को उठाया है और अस्पताल भेजा है। पुलिस ने महिला की शिकायत के आधार पर आरोपी रमेश पटेल के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है और पूरे मामले की जांच की जा रही है।

# कलेक्टर की दो टूक: नियमों से भटके तो खैर नहीं; खाद की कालाबाजारी पर लगेगा 'ई-विकास' का पहरा

### एयरपोर्ट अथॉरिटी को सौंपी गई 12 एकड़ अतिक्रमण मुक्त जमीन, रेड पैच वालों को नोटिस

सतना।

समय सीमा (टीएल) प्रकरणों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस ने कड़े तेवर दिखाते हुए विभिन्न विभागों के पेंडिंग कामों पर अधिकारियों की क्लास ली। बैठक के दौरान एसडीएम (सिटी) राहुल सिलाडिया ने बड़ी कामयाबी का खुलासा करते हुए बताया कि प्रशासन ने 12 एकड़ अतिक्रमण मुक्त जमीन एयरपोर्ट अथॉरिटी को हैंडओवर कर दी है। इसके साथ ही 'रेड कलर पैच' के दायरे में आने वाले अतिक्रमणकारियों को एयरपोर्ट अथॉरिटी द्वारा नोटिस थमाए जा रहे हैं। इस पूरी बेदखली की कार्रवाई में राजस्व अमला मुस्तैद रहेगा।

### चित्रकूट हनुमानधारा मार्ग का होगा संयुक्त निरीक्षण, गड्ढे भरने के निर्देश

कलेक्टर ने राष्ट्रीय राजमार्ग और एमपीआरडीसी के सुस्त पड़े कामों पर नाराजगी जताई। उन्होंने साफ निर्देश दिए कि चित्रकूट के प्रसिद्ध हनुमानधारा मार्ग पर जो सड़क का पैचवर्क शेष रह गया है,उसके लिए एसडीएम के साथ संयुक्त निरीक्षण कर तुरंत काम शुरू कराया जाए। श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की परेशानी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### नसीहत: सीएमओ साहब! सीधे पुलिस बल न मांगें,एसओपी समझें

नगर पंचायत कोठी में अतिक्रमण हटाने के लिए जिला स्तर से सीधे पुलिस बल की मांग करने वाले सीएमओ को कलेक्टर ने सख्त हिदायत दी। कलेक्टर ने कहा,प्रशासनिक प्रोटोकॉल और निर्धारित एसओपी का पालन करें। बल की जरूरत है तो पहले एसडीएम को बताएं। एसडीएम और एसडीओपी खुद मौके का मुआयना कर संवेदनशीलता के हर पहलू को परखेंगे,उसके बाद ही फोर्स तैनात होगी।

### थाली में 'जहर' परोसने वालों की अब खैर नहीं!

आम जनता की सेहत से हो रहे खिलवाड़ पर कलेक्टर ने कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को मैदान में उतरने के निर्देश दिए हैं। अब बाजार में बिकने वाली कीटनाशक दवाओं के प्रभाव वाली और दूषित फल-सब्जियों की कड़ाई से जांच होगी। ऐसी जहरीली सब्जियों की बिक्री को तुरंत रोकने और दोषियों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश जारी किए गए हैं।

**खाद वितरण पर 'ई-विकास' का पहरा,नियमों को बाईपास किया तो होगी जेल!**

आगामी खरीफ सीजन में किसानों को खाद के लिए परेशान न होना पड़े,इसके लिए कलेक्टर ने नई व्यवस्था लागू कर दी है। कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस ने स्पष्ट कर दिया है कि उर्वरकों का वितरण केवल 'ई-विकास पोर्टल' के जरिए ही होगा।

### कलेक्टर के कड़े निर्देश:

70-30 का फॉर्मूला: जिले में रैक आने पर खाद का 70% वितरण शासकीय माध्यमों (मार्कफेड और सोसायटियों) से और 30% वितरण निजी विक्रेताओं के जरिए ही किया जाएगा। चोरी-छिपे खाद बेची तो खैर नहीं: यदि किसी खाद वितरक या समिति ने ई-विकास पोर्टल को बाईपास कर अलग से खाद बेचने की कोशिश की,तो उसके खिलाफ सीधे एफआईआर (FIR) और कड़ी कानूनी कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी।एसडीएम करेंगे भौतिक सत्यापन: सभी एसडीएम को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने क्षेत्रों के वितरण केंद्रों का औचक निरीक्षण करें और पिछली बार की खपत के मुकाबले इस बार की उपलब्धता का पूरा ऑडिट करें। उप संचालक कृषि कल्खण आशीष पाण्डेय ने बैठक में बताया कि जिले में आज ही 1500 मीट्रिक टन खाद की एक रैक पहुंच चुकी है,जिसका वितरण पारदर्शी तरीके से किया जा रहा है।

डीडीए आशीष पाण्डेय ने किसानों और खाद व्यापारियों के लिए एक बेहद जरूरी और सख्त चेतावनी जारी की है:

**किसानों के लिए:** खरीफ सीजन के लिए किसी भी सूरत में गैर-अनुदानित उर्वरक न खरीदें।

**व्यापारियों के लिए:** कोई भी विक्रेता गैर-अनुदानित उर्वरक की बिक्री नहीं करेगा। यदि कोई ऐसा करता पाया गया तो उसका लाइसेंस निरस्त कर सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### क्या है आदेश?

राज्य शासन के कृषि मंत्रालय के आदेश के तहत प्रदेश में केवल अनुदानित यूरिया,डीएपी और कॉम्प्लेक्स उर्वरकों की आपूर्ति की ही अनुमति है। उर्वरक विक्रय प्राधिकार फार्म (A-2) में अंकित अन्य समस्त गैर-अनुदानित उर्वरकों की आपूर्ति और बिक्री पर पूरी तरह से रोक लगा दी गई है।

# सुस्त सिस्टम, मस्त दलाल: खून के सौदागरों के मोबाइल-बैंक खाते की कुंडली सामने, फिर भी एफआईआर से कतरा रहा प्रशासन

**सतना।** जिला अस्पताल में जिंदगी और मौत से जूझते मरीजों के खून का सौदा करने वाले दलालों को कानून का रत्ती भर भी खौफ नहीं है। हद तो यह है कि तीन सदस्यीय जांच टीम द्वारा आरोपियों की पूरी कुंडली खंगालकर रिपोर्ट सौंपने के बाद भी प्रशासनिक अमला हाथ पर हाथ धरे बैठा है। दलालों के मोबाइल नंबर और बैंक अकाउंट जैसी पुख्ता जानकारियां सामने होने के बावजूद अब तक न तो उन्हें ट्रेस किया गया है और न ही पुलिस में एफआईआर दर्ज कराई गई है। ऐसा लगता है कि प्रशासन आरोपियों पर कार्रवाई करने के बजाय मामले को ठंडे बस्ते में डालने का इंतजार कर रहा है।

### 8 हजार में 'मौत का सामान': पॉलिथीन में आया क्लॉटेड खून

गौरतलब है कि रीवा जिले के महादेवा सेमरिया निवासी रामऔतार साकेत सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल होने के बाद जिला अस्पताल में जिंदगी की जंग लड़ रहे थे। शरीर में हीमोग्लोबिन की भारी कमी होने पर डॉक्टरों ने 'ए पॉजिटिव' ब्लड का इंतजाम करने को कहा। बेबस परिजनों की इस मजबूरी का फायदा अस्पताल में सक्रिय दलालों ने उठाया। परिजनों का आरोप है कि रीवा से दो यूनिट ब्लड मंगवाने के एवज में यूपीआई के जरिए 8,000 ऐंठ लिए गए। हद तो तब हो गई जब 50 किलोमीटर दूर से खून को किसी सुरक्षित मेडिकल बॉक्स के बजाय एक साधारण पॉलिथीन में पैक करके जिला अस्पताल लाया गया। जब लैब टेक्नीशियनों ने इसका क्रॉसमैच किया,तो पैरों तले जमीन खिसक गई-वह खून पूरी तरह क्लॉटेड (जमा हुआ) और अनुपयोगी था।अगर यह खून मरीज को चढ़ा दिया जाता,तो उसकी जान भी जा सकती थी।

### जांच रिपोर्ट में नाम और नंबर उजागर,फिर भी चुप्पी क्यों?

मामला तूल पकड़ने पर ब्लड ट्रांसफ्यूजन ऑफिसर डॉ.अंकिता पाण्डेय,ड्रग इंस्पेक्टर प्रियंका चौबे, सहायक प्रबंधक डॉ.धीरेन्द्र वर्मा और डायटीशियन जीएस तिवारी की एक जांच टीम गठित की गई थी। इस टीम ने बारीकी से तफ्तीश कर गत 18 मई को ही अपनी रिपोर्ट सिविल सर्जन डॉ.अमर सिंह को सौंप दी थी। डॉ.सिंह ने भी इस पर अपनी सख्त टीप (नोट) लगाकर फाइल एसडीएम सिटी राहुल सिलाडिया को फॉरवर्ड कर दी।

### दलाली का पूरा नेटवर्क आया सामने

जांच रिपोर्ट में साफ तौर पर अभय सिंह नाम के व्यक्ति का मोबाइल नंबर और वह बैंकअकाउंट दर्ज है, जिसमें परिजनों से 8,000 ट्रांसफर करवाए गए थे। वहीं शिकायतकर्ता दिलीप वर्मा ने अपने बयानों में खुलासा किया है कि उन्हें एक रिश्तेदार के जरिए रमेश साहू नाम के दलाल का नंबर मिला था,जिसने रीवा से खून की खेप उपलब्ध कराने की डीलिंग की थी।

### आखिर किसका संरक्षण पा रहे हैं खून के सौदागर?

जब शिकायतकर्ता के बयान दर्ज हैं,दलाल का नाम सामने आ चुका है,मोबाइल नंबर एक्टिव है और ट्रांजैक्शन का बैंक अकाउंट नंबर भी टेबल पर है,तो फिर पुलिस और प्रशासन की सुस्ती किस बात की है? क्या स्वास्थ्य विभाग और प्रशासनिक अधिकारी किसी बड़े रसूखदार के दबाव में हैं,या फिर इस 'खूनी खेल' के तार अस्पताल के भीतर बैठे किसी बड़े सिंडिकेट से जुड़े हैं? जनता अब इस टालमटोल पर सीधे सवाल उठा रही है।

## मैहर में बैंक और कचहरी परिसर की दुकान में लगी आग, समय रहते पाया गया काबू

**मैहर।** मैहर जिले में मंगलवार सुबह अलग-अलग स्थानों पर आग लगने की दो घटनाओं से अफरा-तफरी का माहौल बन गया। पहली घटना तिलौरा स्थित मध्यांचल ग्रामीण बैंक में हुई,जबकि दूसरी आग मैहर तहसील परिसर के अंदर बनी दुकानों में लगी। दोनों ही घटनाओं में समय रहते आग पर काबू पा लिया गया,जिससे बड़ा नुकसान टल गया। जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह करीब साढ़े 9 बजे तिलौरा स्थित मध्यांचल ग्रामीण बैंक के अंदर अचानक आग लग गई। घटना के समय बैंक बंद था। बैंक प्रबंधन के मुताबिक प्रारंभिक तौर पर आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। बताया गया कि बैंक के एक स्विच में अचानक आग भड़क उठी,जिसके बाद धुआं निकलने लगा। घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची।बैंक कर्मचारियों और फायर कर्मियों ने फायर सिलेंडर की मदद से आग पर तुरंत काबू पा लिया। राहत की बात यह रही कि आग ज्यादा नहीं फैली और बैंक में किसी प्रकार का बड़ा नुकसान नहीं हुआ। वहीं दूसरी घटना मैहर तहसील परिसर में बनी दुकानों में हुई,जहां धीरेंद्र सिगरौली और प्रदीप कुशवाहा की दुकानों के ऊपरी हिस्से में आग लग गई। यहां भी आग लगने का प्रारंभिक कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है।सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग पर नियंत्रण पाया। आग ऊपरी हिस्से तक सीमित रहने के कारण दुकानों में रखे सामान को नुकसान नहीं पहुंचा। दोनों घटनाओं के बाद क्षेत्र में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल रहा। समय रहते आग पर काबू पा लेने से दोनों स्थानों पर बड़ा हादसा टल गया।

# बरहना में सजी पुलिस जन चौपाल एसपी ने सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं



सतना।

रीवा जोन आईजी गौरव राजपूत के 'आपकी पुलिस आपके द्वार' अभियान के तहत कोठी थाना अंतर्गत बरहना गांव में 'पुलिस जन चौपाल' का आयोजन किया गया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक (एसपी) हंसराज सिंह ने ग्रामीणों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं।कार्यक्रम में एसडीओपी रघु केशरी और कोठी थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार तिवारी सहित भारी पुलिस बल मौजूद रहा। संवाद के दौरान ग्रामीणों ने तालाब के पास नशेड़ियों के जमावड़े,अवैध शराब बिक्री और पंचायत स्तर की बुनियादी अव्यवस्थाओं का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। मामलों को गंभीरता से लेते हुए एसपी हंसराज सिंह ने एसडीओपी और थाना प्रभारी को तत्काल पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने सख्त लहजे में चेतावनी दी कि असामाजिक तत्वों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। जनता और पुलिस के बीच की दूरी को कम करने के उद्देश्य से एसपी ने उपस्थित नागरिकों से महिला सुरक्षा,साइबर फ्रॉड और सड़क दुर्घटनाओं जैसे गंभीर विषयों पर चर्चा की। ग्रामीणों को सुरक्षा का भरोसा देते हुए एसपी ने अपना व्यक्तिगत मोबाइल नंबर भी साझा किया,ताकि किसी भी आपात स्थिति या अपराध की सूचना ग्रामीण सीधे उन तक पहुंचा सकें। इस दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय गणमान्य नागरिक और ग्रामीण उपस्थित रहे। पुलिस की इस जनहितैषी पहल की समूचे क्षेत्र में सराहना की जा रही है।

## बिजनेस साइट

### मार्केट को टाइम करने की कोशिश लगभग कभी काम क्यों नहीं करती और फ्लेक्सीकैप फंड्स इस समस्या को कैसे हल करते हैं

**सतना।** मार्केट एक सीधी लाइन में नहीं चलते। वे अलग-अलग दौर से गुजरते हैं, आशावाद के दौर, जब कीमतें आम तौर पर बढ़ती हैं, और सावधानी के दौर, जब वे गिरती हैं या स्थिर हो जाती हैं। इस पैटर्न को समझने के लिए आपको भविष्य की भविष्यवाणी करने की जरूरत नहीं है। यह बस आपको यह समझने में मदद करता है कि किसी भी समय आपके पोर्टफोलियो के साथ क्या हो रहा है।

इक्विटी मार्केट में, अलग-अलग तरह के स्टॉक इस बात पर निर्भर करते हुए अलग-अलग तरह से व्यवहार करते हैं कि हम साइकिल के किस चरण में हैं।

लार्ज कैप स्टॉक्स-यानी अच्छी तरह से स्थापित, बड़ी कंपनियों के शेयर, जब मार्केट गिर रहे होते हैं या अनिश्चित होते हैं, तो वे ज्यादा बेहतर तरीके से टिके रहते हैं। वे गिरावट से पूरी तरह सुरक्षित नहीं होते, लेकिन आम तौर पर वे कम गिरते हैं और ज्यादा तेजी से रिकवर करते हैं। निवेशक उन्हें इक्विटी स्पेक्ट्रम के कम जोखिम वाले हिस्से के तौर पर देखते हैं।

मिड और स्मॉल कैप स्टॉक्स अलग तरह से व्यवहार करते हैं। जब मार्केट बढ़ रहे होते हैं और माहौल सकारात्मक होता है, तो ये कंपनियां लार्ज कैप्स की तुलना में कहीं ज्यादा रिटर्न देती हैं। उनके छोटे आकार का मतलब है कि उनमें बढ़ने की ज्यादा गुंजाइश होती है, और निवेशकों का उत्साह मुनाफे को और बढ़ा देता है। लेकिन गिरावट के दौर में, यही चीज उल्टी दिशा में काम करती है। वे ज्यादा तेजी से गिरते हैं और उन्हें रिकवर करने में ज्यादा समय लगता है।



शशांक अग्रवाल
म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर
सतना

इससे निवेशकों के लिए एक व्यावहारिक समस्या खड़ी हो जाती है। अगर आप बुल मार्केट के दौरान पूरी तरह से मिड और स्मॉल कैप में निवेशित हैं, तो ऊपर की ओर की यात्रा बहुत अच्छी लगती है। लेकिन जब साइकिल बदलती है, तो नुकसान बहुत ज्यादा हो सकता है। दूसरी ओर, सिर्फ लार्ज कैप पर टिके रहने का मतलब है कि अच्छे समय के दौरान आप काफी ज्यादा रिटर्न पाने का मौका गंवा देते हैं।

चुनौती यह है कि कोई भी लगातार यह भविष्यवाणी नहीं कर सकता कि एक दौर कब खत्म होगा और दूसरा कब शुरू होगा। यहां तक कि अनुभवी निवेशक भी इसमें गलती कर बैठते हैं।

ठीक इसी वजह से फ्लेक्सीकैप स्ट्रक्चर मौजूद है और आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल फ्लेक्सीकैप फंड इसी सिद्धांत को व्यवहार में लाता है। मैनेजर को मार्केट की स्थितियों के आधार पर लार्ज, मिड और स्मॉल कैप के बीच निवेश को प्रभावशाली तौर पर बदलने की सुविधा देकर, इसका उद्देश्य अच्छे समय में तेजी का फायदा उठाना है, जबकि साइकिल बदलने पर स्थिरता पर निर्भर रहना है। 30 अप्रैल, 2026 तक, इसने एक वर्ष में 7.85 प्रतिशत, तीन वर्षों में 17.49 प्रतिशत, और शुरुआत (जुलाई 2021) से अब तक 14.12 प्रतिशत का सीएजीआर दिया है।

लंबे समय के निवेशकों के लिए, यह जानना कि यह बिल्ट-इन अनुकूलनशीलता काम कर रही है, हर मार्केट फेज में अपने निवेश के साथ बने रहना आसान बना सकता है।

**खबर संक्षेप**

## ईदुज्जुहा पर्व पर अब 28 मई को रहेगा अवकाश

**पन्ना।** राज्य शासन द्वारा 27 मई 2026 को ईदुज्जुहा के घोषित अवकाश के स्थान पर अब 28 मई, गुरूवार को निगोशिएबल इन्स्ट्रमेन्ट्स एक्ट के अधीन सार्वजनिक एवं सामान्य अवकाश घोषित किया गया है। 27 मई, बुधवार को निर्धारित समयानुसार समस्त कार्यालय खुले रहेंगे।

## लापरवाही का हाईवेः सकरिया-डिघौरा सड़क का निर्माण पूरा

**गुनौर।** कागजों पर चमचमाती और जमीन पर आधी-अधूरी सकरिया-डिघौरा सड़क अब राहगीरों के लिए मुसीबत का सबब बन चुकी है। सड़क का निर्माण कार्य पूरा हुए अभी कुछ ही समय हुआ है, लेकिन जगह-जगह से उखड़ी सड़क और डिघौरा तिराहे पर पसरा ब्लैकआउट (अंधेरा) आए दिन भीषण हादसों को न्यौता दे रहा है। लोक निर्माण विभाग और जिम्मेदार ठेकेदार इस गंभीर समस्या पर पूरी तरह मौन साधे बैठे हैं। सड़क निर्माण की गुणवत्ता की पोल इसी बात से खुलती है कि ककरहटा से गुनौर के बीच की सड़क सबसे ज्यादा बदहाल और खराब हो चुकी है। जगह-जगह से डामर उखड़ चुका है और गहरे गड्ढे उभर आए हैं। स्थानीय लोगों का साफ कहना है कि यदि प्रशासन ने इसे तत्काल संज्ञान में लेकर ठीक नहीं कराया, तो आगामी बारिश के सीजन में स्थिति पूरी तरह नियंत्रण से बाहर हो जाएगी। पानी भरने से ये गड्ढे जानलेवा दलदल में बदल जाएंगे। योजना और एस्टीमेट के मुताबिक, दो बड़े नेशनल हाईवे को जोड़ने वाली इस सड़क के दोनों मुख्य तिराहों पर प्रकाश की पुख्ता व्यवस्था की जानी थी। सकरिया तिराहा यहाँ ठेकेदार ने नियम के मुताबिक लाइटें लगा दी हैं। परन्तु डिघौरा तिराहा इस अति-व्यस्त तिराहे को पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया गया है। यहाँ अंधेरे के कारण रात में कुछ भी दिखाई नहीं देता। श्डेथ ज़ोनश बना डिघौरा तिराहा, हर हफ्ते हो रहे हादसे दो नेशनल हाईवे को जोड़ने के कारण इस मार्ग पर रात के समय भारी वाहनों और रिहायशी यातायात का भारी दबाव रहता है। एक तो ककरहटा-गुनौर खंड में सड़क उखड़ी है, ऊपर से डिघौरा तिराहे पर लाइट न होने से वाहन चालकों को अंधा मोड़ दिखाई नहीं देता। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, सूरज ढलते ही यह तिराहा श्डेथ ज़ोनश में तब्दील हो जाता है। यहाँ हर हफ्ते कई राहगीर लहूलुहान हो रहे हैं। सड़क का काम पूरा बताकर ठेकेदार अपनी जिम्मेदारी से भाग चुका है, वहीं विभाग की मॉनिटरिंग पर भी बड़े सवालिया निशान खड़े हो रहे हैं। ऐसा लगता है कि प्रशासन को किसी बड़ी जनहानि का इंतजार है। स्थानीय निवासियों और राहगीरों ने दोटूक चेतावनी दी है कि यदि ककरहटा से गुनौर के बीच की सड़क को तुरंत दुरुस्त नहीं किया गया और डिघौरा तिराहे पर हाईमास्ट लाइटें नहीं लगाई गईं, तो ग्रामीण च्ॅक विभाग के खिलाफ उग्र आंदोलन और चक्काजाम करने को बाध्य होंगे।

### मनरेगा के तहत स्वीकृत कुआं ठेके पर दर्दनाक हादसा

# पांच मजदूरों की मिट्टी धंसने से मौत







**कुआं बना मौत का कुंआ मौके पर कलेक्टर श्रीमती ऊषा परमार व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत उमराव सिंह मरावी भी पहुंचे**

जिले की अजयगढ जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत बीहरपुरवा के ग्राम कडरहा में स्वीकृत कुंआ मनरेगा योजना से (जयराम जी योजना) जो पंचायत के द्वारा ठेकेदारी में दिया गया था जहां सिस्टम की पोल भी खुली वहीं इस कुंआ में मिट्टी धसने से पांच लोगों की मौत का मामला जहां एक बड़ा हादसा सामने आया है

**पन्ना।**

जयरामजी योजना हो या मनरेगा योजना जिसके तहत मजदूरों की सुरक्षा को लेकर भी प्रावधान है यहां मनरेगा योजना से स्वीकृत कुंआ तो मौत का कुंआ बना आखिर निश्चिततौरपर प्रदेश के मुखिया ने जहां मृतकों के परिवारों को 4-4 लाख रू प्रदान करने के लिये जरूर घोषणा की पर सिस्टम की पोल भी खुल रही है किस तरह से पंचायतों में भर्रेशाही का आलम है जीता जागता उदाहरण। जिले की अजयगढ़ जनपद अंतर्गत मनरेगा योजना (जयरामजी योजना) से स्वीकृत कुंआ ग्राम पंचायत बीहरपुरवा के ग्राम कडरहा में जहां कुंए का कार्य ठेके पर पंचायत के द्वारा दिया गया था जिसमें पांच मजदूरों की मिट्टी धसने से मौत हो गई कुंआ बना मौत का कुंआ वहीं घटना स्थल पर रेस्क्यू टीम पुलिस प्रशासन तथा स्वयं जिलो कलेक्अर श्रीमती ऊषा परमार व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत उमराव सिंह मरावी भी पहुंचे घटना स्थल पर।

गौरतलबबात यह है कि एसडीआरएफ की टीम ने जहां मृतकों को निकालने में भारी मसक्कत की आखिर किस तरह से सिसटम के हालात है मनरेगा योजना हो या जयराम जी योजना इन योजनाओं में मजदूरों की सुरक्षा को लेकर भी क्या मापदण्ड है या नहीं? वहीं सुरक्षा को लेकर या तो लापरवाही या फिर पंचायत के द्वारा स्वयं ही उपयंत्री के द्वारा इस कुंए का निरीक्षण किया गया था कि नहीं जहां मिट्टी धसने से पांच मजदूरों की मौत हो गई और यह कुंए का कार्य पंचायत के द्वारा ठेके पर दिया गया था। निश्चिततौर पर जब घटना घटित हो जाती है तो समूचा प्रशसन जागता है लेकिन जो महिलायें विधवा हो गई उनका क्या? आखिरकार यहां मनरेगा योजना या जयराम जी योजना के तहत कुंए का कार्य स्वीकृत था तो इस कार्य के कराने के लिये पंचायत के द्वारा जो स्वयं कार्य एजेन्सी है कुंए को ठेके पर दे दिया गया न कोई मेट और न ही कार्य को लेकर पंचायत की जिम्मेदारी केवल पैसे के लिये पंचायत का खेल जहां पांच मजदूरों की मौत मिट्टी धसने से हो गई अचानक असमायिक पांच महिलायें विधवा हो गई। गौरतलब बात यह है कि मृतकों की महचान राजकुमार यादव पिता छोटू यादव उम्र 25 वर्ष आशीष यादव पिता मुन्नी यादव उम्र 28 वर्ष वहीं चुन्नू पिता सिद्धू यादव उम्र 65 वर्ष रामपाल पिता कोरा यादव उम्र 40 वर्ष चुनाव पिता दीना पाल उम्र 55 वर्ष इस तरह से पांच लोगों की मौत का मामला सामने आया है। परिजनों का रो-रोकर बुराहाल सूत्रों की मानें तो म0प्र0 के मुख्यमंत्री डॉ0 मोहन यादव के द्वारा 4-4 लाख रूप्ये मृतकों के परिजनों को दिये जाने की घोषणा की गई है। इस तरह से जहां यह हादसा मौत के कुंए में मनरेगा का कुंआ तब्दील होगा सामने आया है जहां पांच मजदूरों की मिट्टी धसने से असमायिक मौत हो गई प्रशासन अब इन मजदूरों के परिजनों को ढाढस बनाने का कार्य जरूर कर रहा है पर यहां सिस्टम पर बड़ा सवाल है। पंचायतें महज जो कार्य एजेन्सी के रूप में ठेकेदारी का कार्य कर रही है आखिर किस नियम के तहत दिया गया कुंआ का ठेका अगर यह कार्य ठेके पर न होता तो शायद नियमानुसार पंचायत के द्वारा मेट के माध्यम से कार्य कराया जाता वहां नियमानुसार मजदूरों की सुरक्षा को लेकर भी जिम्मेदारी मेट के द्वारा रखी जाती पर यहां तो मनमानी के हालात मॉनीटरिंग के नाम पर सिफर उपयंत्री कागज में ले आउट दे देते है मौके पर क्या कार्य के हालात है मानीटरिंग कोसों दूर तभी तो ठेके पर कार्य या फिर सिस्टम की मिली भगत से तय है हालात देखना यह है क्या जहां नियमों की धज्जियां उड़ाई गई पांच मजदूरों की मौत हो गई वहीं लापरवाह पंचायत के जिम्मेदारों पर क्या होगी कार्यवाही कुछ कह पाना कठिन। वहीं अजयगढ में वहीं प्रशासनिक अधिकारी इस मामले को लेकर सर्जरी के रूप में जरूर पड़ताल करेंगे सूत्रों की मानें तो सागर कमिश्नर स्वयं अजयगढ़ पहुंच रहे है जहां इस घटना को लेकर अब कार्यवाही प्रशासन के द्वारा मृतकों के परिजनों को सांत्वना देने को लेकर जरूर कार्य करेंगे पर यह भी देखना है कि इस घटना में किसकी चूक मानी जाये जहां पंचायत बीहरपुरवा के द्वारा ठेके पर कार्य कैसे दिया गया सवाल नं0 - 2 क्या कार्य का ले-आउट देने उपयंत्री पहुंचे थे तो क्या ठेकेदार को दिया वहीं सवाल नं0-3 क्या मनरेगा योजना योजना हो या जरामजी योजना मस्टर में नाम ठेकेदार के द्वारा कार्यवाही के रूप में तय की गई सवाल नं0 - 4 सुरक्षा को लेकर जिम्मेदार जनप्रतिनिधि ग्राम पंचायत के सरपंच व सचिव जो प्रशासनिक रूप सं पंचायत में योजनाओं का क्रियान्वयन कराने के लिये जाना जाता है क्या इन पर भी होगा गौर आखिर सिसटू में अगर लापरवाही न होती तो क्या ठेके पर कार्य होता? वहीं मजदूरों की सुरक्षा की परवाह भी नहीं आखिरकार देखना यह है कि जिनकी हुई आसमायिक मौत उनको क्या मिलेगा न्याय महज 4-4 लाख रूपये जो मृतक के परिजनों को दिये जायेंगे। वहीं परिवार बिखर गये यहां लापरवाही जो हमारे पंचायत के सिस्टूम का है यह यह हादसा घटित होने से पोल खुल गई अधिकतर पंचायतों में इसी तरह मनरेगा योजना या जयरामजी योजना के तहत ठेकेदारी की पृथा पर क्या लगेगा विराम।



## जेके सीमेंट सीएसआर पहलः उन्नत एआई तकनीक के माध्यम से 100 से अधिक लोगों की टीबी स्क्रीनिंग संपन्न



**अमानगंज।** जेके सीमेंट द्वारा अपनी सतत कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत जिला स्वास्थय समिति के सहयोग से एक निःशुल्क तपेदिक (टीबी) स्क्रीनिंग शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर में अत्याधुनिक एआई-सक्षम स्क्रीनिंग मशीनों का उपयोग किया गया, जिससे तेज, सटीक एवं प्रभावी जांच संभव हो सकी। इस स्वास्थय शिविर में व्यापक भागीदारी देखने को मिली, जिसमें कंपनी के कर्मचारी, ड्राइवर, ठेका श्रमिक तथा स्थानीय समुदाय के 100 से अधिक लोगों ने उत्साहपूर्वक अपनी स्क्रीनिंग कराई। आधुनिक एआई तकनीक के समावेश से चिकित्सा टीम को उच्च संख्या में प्रतिभागियों की जांच सुचारू एवं त्वरित रूप से करने में सहायता मिली। इस पहल के महत्व को रेखांकित करते हुए माइंस हेड श्री सुरेश वर्धे ने शिविर में सक्रिय रूप से भाग लिया। उन्होंने सीएसआर टीम एवं जिला स्वास्थय समिति के संयुक्त प्रयासों की सराहना की तथा कहा कि स्वस्थ कार्यबल एवं स्वस्थ समुदाय सुनिश्चित करना संगठन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। सरकारी स्वास्थय अधिकारियों के समर्पित सहयोग एवं सभी प्रतिभागियों की सक्रिय भागीदारी के कारण यह स्वास्थय शिविर अत्यंत सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## गुनौर में समस्याओं को लेकर नगर कांग्रेस कमेटी ने कमिश्नर के नाम सौंपा ज्ञापन

### कुलदीप सिंह डिघौरा ने पेयजल संकट पर ज्ञापन के साथ तहसीलदार को सौंपा खाली मटका






**गुनौर।**

नगर पंचायत गुनौर में व्याप्त विभिन्न जनसमस्याओं और अनियमितताओं को लेकर नगर कांग्रेस कमेटी गुनौर ने सागर संभाग के कमिश्नर महोदय के नाम एक ज्ञापन सौंपा है। यह ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी (एसडीओ) गुनौर के माध्यम से भेजा गया है, जिसमें नगर की बुनियादी समस्याओं को तुरंत हल करने की मांग की गई है।

इसी दौरान नगर में जारी भीषण जल संकट के विरोध में नव नियुक्त कांग्रेस जिला महासचिव कुलदीप सिंह ने अनोखा प्रदर्शन करते हुए ज्ञापन के साथ तहसीलदार को एक खाली मटका भी सौंपा। उन्होंने प्रशासन को चेताया कि अगर जनता को बूंद-बूंद पानी के लिए तरसना पड़ा तो कांग्रेस चुप नहीं बैठेगी। नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष संतोष लोधी के नेतृत्व में सौंपे गए इस ज्ञापन में प्रशासन को चेतावनी दी गई है कि यदि 24 से 48 घंटों के भीतर इन मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं की गई, तो युवा कांग्रेस गुनौर नगर की आम जनता के साथ मिलकर उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी।

### ज्ञापन में उठाई गईं 5 मुख्य मांगें

1 भीषण पेयजल संकट का समाधानरू गुनौर नगर के सभी वार्डों में इस समय पानी की भारी किल्लत है। कांग्रेस ने मांग की है कइस भीषण पेयजल संकट से निपटने के लिए तुरंत और प्रभावी कदम उठाकर नगरवासियों को राहत दी जाए। 2 भारी वाहनों के प्रवेश पर रोकरू गुनौर नगर के मुख्य मार्ग (बाजार) से भारी वाहनों की आवाजाही पर पूरी तरह रोक लगाई जाए। इन वाहनों को बाईपास मार्ग से निकाला जाए, ताकि आए दिन होने वाली सड़क दुर्घटनाओं से जनता को निजात मिल सके। 3 सफाई व्यवस्था में सुधार- नगर में फैली भारी गंदगी, खुली नालियों और जगह-जगह लगे कचरे के ढेरों को तुरंत साफ कराया जाए, जिससे नागरिक एक स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण में रह सकें। 4 अघोषित बिजली कटौती बंद होरू भीषण गर्मी के इस दौर में लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती से आम जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो चुका है। बिजली व्यवस्था में तुरंत सुधार कर अघोषित कटौती पर रोक लगाई जाए। 5 भ्रष्टाचार की जांच नगर पंचायत के निर्माण कार्यों में हो रहे भ्रष्टाचार की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए। सभी कार्यों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा कराया जाए और दोषियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई हो। कांग्रेस कमेटी और युवा कांग्रेस ने प्रशासन को स्पष्ट रूप से चेतावनी दी है कि यदि अगले 24 से 48 घंटों के भीतर इन जनसमस्याओं में सुधार नहीं किया गया, तो युवा कांग्रेस गुनौर की आम जनता के साथ मिलकर उग्र आंदोलन करने पर विवश होगी। इस आंदोलन से उत्पन्न होने वाली किसी भी कानून-व्यवस्था की स्थिति की संपूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। इस अवसर पर नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष संतोष लोधी, अरूण कुमार गौतम, सेवालाल पटेल, संजय तिवारी, कुलदीप सिंह डिघौरा, जीवल लाल सिद्धार्थ, संतोषी पटेल, हिम्मत बागरी, आशीष बागरी, श्रवण तिवारी, केशरी अहिरवार, राजू जैन, राजू राजा, ध्रुराम चौधरी, मानवेंद्र सिंह, राजा जी, धर्मराज कश्यव, प्रमोद त्रिपाठी, वसीम खान, प्रमोद सिंह राजपूत, जितेंद्र सिंह, संजय जैन, रिंकू गर्ग, रूपनारायण द्विवेदी, सूरी रैकवार, रावेंद्र मिश्रा, कल्लू पटेल, राममिलन चौधरी, सोनू चौधरी, हनीफ मोहम्मद, बहोरी पटेल सहित सैकड़ों में लोग शामिल हुए।

## गुनौर में खेल प्रतिभाओं को तराश रहा ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर

### कोच नीरज द्वय की जोड़ी सिखा रही कबड्डी और खो-खो के गुर




**गुनौर।**

खेल और युवा कल्याण विभाग, पन्ना के तत्वावधान में गुनौर के तलैया फील्ड सिली में इन दिनों गजब का उत्साह और खेल का माहौल देखने को मिल रहा है। आगामी सत्र 2026-27 को ध्यान में रखते हुए 5 मई से आयोजित इस ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर में अंचल के उभरते खिलाड़ी तपती धूप और गर्मी की परवाह किए बिना मैदान पर जमकर पसीना बहा रहे हैं। शिविर में मुख्य रूप से पारंपरिक और ऊर्जावान खेल कबड्डी और खो-खो का विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

**मैदान पर दिख रहा अनुशासन और कड़ा अभ्यास**

सुबह और शाम के सत्रों में चल रहे इस शिविर में खिलाड़ियों को खेल की बारीकियों, तकनीकी कौशल, फुर्ती और शारीरिक क्षमता (स्टैमिना) बढ़ाने के कड़े अभ्यास कराए जा रहे हैं। तलैया फील्ड पर हर दिन सैकड़ों युवाओं और बच्चों की उपस्थिति यह साबित कर रही है कि गुनौर की मिट्टी में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, बस उन्हें सही मार्गदर्शन की दरकार थी।

**कोच नीरज एंड टीमश की जुगलबंदी ला रही रंग**

इस पूरे प्रशिक्षण शिविर को बेहद अनुशासित और सही ढंग से संचालित करने का श्रेय विभाग द्वारा नियुक्त दोनों होनहार प्रशिक्षकों (कोचेस) को जाता है। कोच नीरज लोधी (ठ.च्.म्क) खेल विज्ञान और शारीरिक शिक्षा (बीपीएड) की डिग्री से लैस नीरज लोधी अपने पेशेवर ज्ञान के साथ खिलाड़ियों को मॉडर्न तकनीकों, रेडिंग-डिफेंस के पैंतरे और इंजरी मैनेजमेंट के गुर सिखा रहे हैं। कोच नीरज विश्वकर्मारू खिलाड़ियों के बीच अपने कड़े अनुशासन और मोटिवेशन के लिए जाने जाने वाले नीरज विश्वकर्मा मैदान पर बच्चों का हौसला बढ़ा रहे हैं। उनकी रणनीतिक सूझबूझ से खिलाड़ी खो-खो के श्डाइवश और कबड्डी के श्टैकलश में माहिर हो रहे हैं। इन दोनों ही प्रशिक्षकों की जुगलबंदी के चलते बच्चे न सिर्फ खेल सीख रहे हैं, बल्कि खेल भावना और अनुशासन का पाठ भी पढ़ रहे हैं। विभाग का उद्देश्यरू खेल एवं युवा कल्याण विभाग का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण और कस्बाई क्षेत्रों की छिपी हुई प्रतिभाओं को निखारना है, ताकि वे आगे चलकर जिला, संभाग और राष्ट्रीय स्तर पर पन्ना जिले का नाम रोशन कर सकें। गुनौर का यह शिविर इसी दिशा में एक बड़ा और सराहनीय कदम साबित हो रहा है।

## एपीके फाइल इंस्टॉल कर साइबर ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

### पुलिस द्वारा एक आरोपी को नोएडा से किया गया गिरफ्तार

**आरोपियों द्वारा सिमरिया थाना अंतर्गत फरियादी के साथ 1 लाख 90 हजार रुपये की की गई थी सायबर ठगी**

**आरोपी के कब्जे से 90 हजार रुपये नगदी सहित 01 मोबाइल फोन किया गया जप्त**



**पन्ना।** पुलिस अधीक्षक पन्ना निवेदिता नायडू के निर्देशन में सिमरिया थाना पुलिस द्वारा साइबर धोखाधड़ी के मामले में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त करते हुए अंतर्राज्यीय साइबर ठगी गिरोह के एक आरोपी को नोएडा, उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया गया है। मामले मे थाना सिमरिया में 1930 साइबर हेल्पलाइन के माध्यम से प्राप्त शिकायत पर एफआईआर क्रमांक 372/26 धारा 318(4) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की जांच निरीक्षक माधवी अग्निहोत्री, थाना प्रभारी सिमरिया द्वारा की गई। जांच के दौरान फरियादी गोपाल बंसकार ने बताया कि उसके सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया सिमरिया स्थित खाते से संचालित नवी यू.पी.आई. एप के माध्यम से अज्ञात व्यक्तियों द्वारा कुल 1,90,000 रुपये की धोखाधड़ी की गई। जांच में यह तथय सामने आया कि आरोपियों द्वारा मोबाइल फोन में एपीके (।च्ज्ञ) फाइल इंस्टॉल कराकर मोबाइल का अनाधिकृत एक्सेस प्राप्त किया गया था। एपीके फाइल इंस्टॉल होने के बाद आरोपियों ने मोबाइल की संवेदनशील जानकारी, बैंकिंग एक्सेस, न्च्प् एवं सम्बंधित ट्रान्जेक्शन व्ज्च् संबंधी डिटेल प्राप्त कर खाते से अवैध ट्रांजेक्शन किये। मामले मे पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वन्दना सिंह चौहान एवं एस.डी.ओ.पी. पवई श्रीमती भावना दांगी के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी सिमरिया निरी. माधवी अग्निहोत्री के नेतृत्व मे विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया एवं मामले मे तकनीकि सहायता हेतु सायबर सेल टीम पन्ना को निर्देशित किया गया। पुलिस टीम द्वारा जांच के दौरान पता चला कि दिनांक 23.04.2026 को दोपहर लगभग 2रू28 बजे फरियादी के खाते से यू.पी.आई. ट्रांजेक्शन क्रमांक 001875755140 के माध्यम से 95,000 रुपये एवं दिनांक 27.04.2026 को दोपहर लगभग 1रू17 बजे पुनः यू.पी.आई. ट्रांजेक्शन क्रमांक 001949251272 के माध्यम से 95,000 रुपये अलग- अलग व्यक्तियों के बैंक खातो मे ट्रांसफर किये गये है। विवेचना के दौरान बैंक खातों, मोबाइल नंबरों, डिजिटल ट्रेल एवं साइबर तकनीकी साक्ष्यों का विश्लेषण किया गया। जांच में आरोपी मेहताब आलम निवासी ग्राम भमेडा थाना बाबूगढ़ छावनी जिला हापुड़ (उ.प्र.) की संलिप्तता सामने आई। जिस पर पुलिस टीम द्वारा त्विरत कार्र्यवाही करते हुये आरोपी को नोएडा, उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया गया।

पूछताछ में आरोपी ने बताया कइस अपने साथी नदीम खान एवं आदर्श निवासी खुरई (सागर) के साथ मिलकर साइबर फ्रॉड की घटनाओं को अंजाम देता था। गिरोह द्वारा लोगों के मोबाइल में एपीके फाइल इंस्टॉल कराकर उनके बैंक खातों एवं यू.पी.आई. एप्लीकेशन का एक्सेस प्राप्त किया जाता था तथा बाद में विभिन्न खातों में धोखाधड़ी की राशि ट्रांसफर कर नगद निकासी की जाती थी। आरोपी ने यह भी स्वीकार किया कि फ्रॉड से प्राप्त 95,000 रुपये सलमा नामक खाते में डलवाकर राशि निकाल ली गई थी तथा उक्त राशि को आपस में बांटने की योजना थी। पुलिस द्वारा आरोपी के कब्जे से 90,000 रुपये नगद बरामद किये गये हैं। प्रकरण में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश जारी है तथा साइबर गिरोह के नेटवर्क के संबंध में विस्तृत जांच की जा रही है।

**गिरफ्तार आरोपी-** मेहताब आलम पिता सब्बीर खान उम्र 22 वर्ष निवासी भमेड़ा थाना बाबूगढ़ छावनी जिला हापुड़ (उ.प्र)।

**जप्त सामग्री-** आरोपी के कब्जे से फ्रॉड की गई राशि 90 हजार रुपये नगद एवं 01 मोबाइल फोन जप्त किया गया है।

# उल्टी-दस्त से 6 साल के मासूम की मौत, बेटे के गम में मां ने भी तोड़ा दम

**छतरपुर। जिले के हरपालपुर नगर से दिल को झकझोर देने वाली घटना सामने आई है। यहां उल्टी-दस्त से पीड़ित 6 साल के मासूम हसनैन की इलाज के दौरान मौत हो गई। बेटे की मौत का सदमा उसकी मां 36 वर्षीय रजिया खातून सहन नहीं कर सकी और उन्होंने भी दम तोड़ दिया। एक ही दिन में मां-बेटे की मौत से पूरे स्टेशन मोहल्ला में मातम पसरा हुआ है।**

परिजनों के मुताबिक सोमवार दोपहर करीब 3 बजे हसनैन के पेट में तेज दर्द और उल्टी-दस्त की शिकायत शुरू हुई। हालत बिगडऩे पर परिजन उसे हरपालपुर अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसे नौगांव अस्पताल रेफर कर दिया। नौगांव में भी बच्चे की हालत गंभीर बनी रही, जिसके बाद उसे जिला अस्पताल छतरपुर भेजा गया। परिजन गंभीर हालत में बच्चे को लेकर छतरपुर रवाना हुए, लेकिन रास्ते में ही उसकी सांसें थम गईं। जिला अस्पताल पहुंचने पर



डॉक्टरों ने रात करीब 8 बजे जांच के बाद बच्चे को मृत घोषित कर दिया। परिजन मो. सलीम ने बताया कि छतरपुर लाते समय मां रजिया बच्चे का सिर गोद में रखे बैठी थी। रास्ते में जब बच्चे के शरीर में कोई हलचल नहीं हुई तो उन्हें एहसास हो गया कि बेटे की मौत हो चुकी है। यह सदमा वह बर्दाश्त नहीं कर सकी और उनकी भी तबीयत बिगड़ गई। अस्पताल पहुंचने के कुछ देर बाद उन्होंने भी दम तोड़ दिया। परिवार की स्थिति पहले से ही बेहद खराब थी। मृतक बच्चे के पिता शुभान अहमद चौथे स्टेज के कैंसर से पीड़ित हैं और लंबे समय से बिस्तर पर हैं। घर की पूरी जिम्मेदारी रजिया पर थी। मंगलवार दोपहर जिला अस्पताल में मां और बेटे दोनों का पोस्टमार्टम किया जा रहा है। वहीं स्वास्थ्य विभाग मामले की जांच में जुटा है। परिजनों का कहना है कि भीषण गर्मी और हीटवेव के चलते बच्चे की तबीयत बिगड़ी थी।

## खबर संक्षेप

### शादी का झांसा देकर होटल मालिक ने महिला के साथ किया दुष्कर्म, आरोपी आदित्य शिवहरे के विरूद्ध मामला पंजीबद्ध

छतरपुर। जिले के थाना बमीठा के अंतर्गत धार्मिक स्थल ग्राम गढ़ा बागेश्वर धाम में स्थित शिव होटल के मालिक द्वारा एक महिला को शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया गया। लेकिन जब शादी करने से इनकार कर दिया तो महिला ने बमीठा थाने में आरोपी होटल मालिक आदित्य शिवहरे के विरूद्ध मामला पंजीबद्ध कराया है। जानकारी के अनुसार बागेश्वर धाम गढ़ा में स्थित शिव होटल में एक युबती काम करती थी लेकिन वहां के मालिक आदित्य शिवहरे ने महिला को प्रेम जाल में फसाते हुए उसे शादी करने का प्रलोभन दिया। शादी करने का प्रलोभन देकर आरोपी प्रसिद्ध बागेश्वर धाम गढ़ा और चित्रकूट के अलग अलग होटल में महिला के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। महिला की रिपोर्ट पर थाना बमीठा पुलिस ने बीएनएस की धारा 69 के तहत मामला पंजीबद्ध कर आरोपी को हिरासत में ले लिया है। होटल मालिक का यह कृत्य काफी चर्चाओं में है क्योंकि धार्मिक स्थल बागेश्वर धाम गढ़ा विश्व में जाना पहचाना जा रहा है। धार्मिक स्थलों पर इस तरह के कृत्य निदंनीय है क्योंकि बागेश्वर धाम गढ़ा विश्व में ख्याति प्राप्त स्थल है लेकिन बागेश्वर धाम में कई कुख्यात अपराधियों ने शरण ले रखी है। इसलिए बागेश्वर धाम में अपराधिक प्रवृति के लोगों की जांच होनी चाहिए। बागेश्वर धाम में अब तक कई महिलाओं पुरूषों की अधजली लाशें मिली चुकी है। अज्ञात व्यक्ति फांसी पर लटके मिल चुके है, लेकिन आज तक किसी घटना का खुलासा नहीं हुआ है।

कलेक्टर के निर्देशन में एडीएम एवं भू अर्जन अधिकारी ने पाठापुर और घुंघरी में लगाई जन चौपाल

### विस्थापितों से कहा प्रशासन नियमानुसार हर संभव मदद के लिए तैयार



छतरपुर। केन बेतवा लिंक परियोजना अंतर्गत छतरपुर जिले के विस्थापित ग्राम पाठापुर और घुंघरी में मंगलवार को जिला प्रशासन ने संवेदनशीलता का परिचय देते हुए जन चौपाल आयोजित की। कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देशन में अपर कलेक्टर एवं भू अर्जन अधिकारी ने जन चौपाल के माध्यम से एक-एक ग्रामीणों से उनकी समस्याएं सुनीं और नियमानुसार हर संभव मदद दिये जाने की बात कही।

जन चौपाल में अपर कलेक्टर श्री अरजरिया ने एक-एक ग्रामीण से जमीन, मकान के मुआवजे और पैकेज की स्थिति की जानकारी दी। इस दौरान पाठापुर में 66 और घुंघरी में 17 हितग्राहियों की सूची पढ़कर सुनाई गई, जिनके खातों में सभी प्रकार के मुआवजा संबंधी क्लेम की राशि बैंक खाता में पहुंच चुकी है। इसके अलावा लोगों द्वारा बताया गया कि अधिकतर लोगों ने किशनगढ़ और मोतीगढ़ में अपने निवास बना लिए है एवं कुछ के काम जारी है। इस अवसर पर एसडीएम बिजावर विजय द्विवेदी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### दो वर्षों से पेयजल संकट से जूझ रहा मढ़देवरा गांव

बक्सवाहा। जिले की बक्सवाहा जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत मढ़देवरा में पिछले लगभग दो वर्षों से गहराया पेयजल संकट अब ग्रामीणों के आक्रोश का कारण बनता जा रहा है। गांव की महिलाएं और ग्रामीण पानी की समस्या से परेशान होकर सड़क पर उतर आए तथा रास्ता बंद कर विरोध प्रदर्शन करते हुए प्रशासन से शीघ्र समाधान की मांग की। प्रदर्शन के दौरान महिलाओं ने अधिकारियों और पंचायत प्रतिनिधियों के खिलाफ नाराजगी जाहिर की।

महिलाओं का आरोप है कि गांव में बिछाई गई पानी की पाइपलाइन लंबे समय से बंद पड़ी हुई है, जिसके कारण घरों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा। भीषण गर्मी के बीच लोगों को दूर-दराज क्षेत्रों से पानी लाना पड़ रहा है। सबसे अधिक परेशानी महिलाओं और बच्चों को उठानी पड़ रही है, जिन्हें रोजाना कई किलोमीटर दूर जाकर पानी की व्यवस्था करनी पड़ती है।

# कुख्यात बदमाश खजराहो में लिए था शरण मुम्बई पुलिस ने खजराहो पुलिस के साथ दबोचा



छतरपुर। पर्यटन स्थल खजुराहो में महाराष्ट्र का एक कुख्यात अपराधी शरण लिए हुए था उसके विरूद्व एनडीपीएस के 12 अपराध मामले दर्ज थे और वह कई दिनों से खजुराहो के एक होटल में छिपा था। लेकिन महाराष्ट्र पुलिस ने खजुराहो पुलिस के सहयोग से आरोपी को एक होटल से दबोच लिया। जानकारी के अनुसार आरोपी इस्माईल शेख मस्तान के विरूद्व नारकोटिक्स ड्रग्स एण्ड साइको ट्रोपिक सव्सटेन्स अधिनियम के तहत मामले दर्ज थे और सभी में फरार चल रहा था। महाराष्ट्र पुलिस को उसकी लोकेशन खजुराहो के सारांश होटल में मिली तो महाराष्ट्र की 6 सदस्यीय टीम ने खजुराहो पुलिस की मदद से होटल सारांश की घेराबंदी करके आरोपी को पकड़ा। आरोपी महाराष्ट्र के शिवाजी नगर का रहने वाला है। और लम्बे समय से महाराष्ट्र पुलिस उसे पकडऩे के लिए तलाश कर रही थी। यूपी के कई शहरों में पुलिस ने छापामार कार्यवाही की थी। आरोपी यूपी ट्रान्जेट के बाद खजुराहो पहुंचा था, जहां उसने होटल में शरण ली थी। पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा ने बताया कि महाराष्ट्र पुलिस की टीम खजुराहों आई।थी जो आरोपी 12 मामलों में बाछित था उसे गिरफ्तार कर मुम्बई पुलिस को सौंप दिया है। आगे की कार्यवाही मुम्बई पुलिस करेंगी।



# ईद को लेकर बमीठा थाने में शांति समिति की बैठक, सौहार्द्र और सुरक्षा पर दिया जोर

छतरपुर। आगामी ईद पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से बमीठा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी वाल्मीक चौबे ने की, जिसमें क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिक, जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवी उपस्थित रहे। बैठक में थाना प्रभारी ने सभी नागरिकों से आपसी भाईचारा बनाए रखने और त्योहार को मिल-जुलकर मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें और संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तत्काल पुलिस को दें। सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए रात्रि गश्त बढ़ाने की बात भी कही गई। थाना प्रभारी ने आमजन की सुविधा के लिए अपना पर्सनल मोबाइल नंबर भी सार्वजनिक किया, ताकि जरूरत पडऩे पर लोग सीधे संपर्क कर सकें। इसके अलावा पुलिस अधिकारियों ने साइबर फ्रॉड से बचाव के संबंध में भी लोगों को जागरूक किया। त्योहार के दौरान यातायात व्यवस्था सुचारू बनाए रखने एवं बाजार क्षेत्रों में भीड़ नियंत्रण को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि ईद पर्व पर सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं के लिए पुलिस पूरी तरह सतर्क रहेगी।

# अकेले रहने वाली वृद्ध महिला को घर में घुसकर प्रताड़ित करने का आरोप

### कलेक्टर व एसपी से न्याय की गुहार



छतरपुर। शहर के सौंरा रोड क्षेत्र में एक अकेले रहने वाली बुजुर्ग महिला को मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने तथा घर में घुसकर बदतमीजी करने का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़िता रामदेवी मिश्रा पत्नी स्वर्गीय ज्ञानी मिश्रा जो वर्तमान में वार्ड क्रमांक 2, बिहार कॉलोनी, छतरपुर की निवासी हैं, ने इस संबंध में जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को लिखित शिकायती पत्र सौंपकर सुरक्षा और न्याय की मांग की है। महिला का आरोप है कि स्थानीय पुलिस थाने में शिकायत करने के बावजूद अब तक उनकी कोई सुनवाई नहीं हुई है, जिसके कारण वह अत्यंत परेशान और भयभीत हैं।

कलेक्टर को सौंपे गए शिकायती आवेदन में पीड़िता ने बताया कि वह सौंरा रोड स्थित अपने मकान में अकेली रहती हैं। उनका बेटा वर्तमान में जेल में है और पति का देहांत हो चुका है। महिला का आरोप है कि मातौल निवासी आरोपी महेश तिवारी अक्सर उनके सूने घर में जबरन दाखिल हो जाता है। वह शाम के समय घर आकर उन्हें लगातार परेशान करता है और धमकी भरे लहजे में कहता है कि उसे भी इसी मकान में रहना है क्योंकि यह मकान उसका है। आरोपी द्वारा महिला के साथ लगातार की जा रही जबरदस्ती और बदतमीजी के कारण उनका अपने ही घर में रहना मुश्किल हो गया है। पीड़िता ने प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों से इस मामले को गंभीरता से लेते हुए उनके आवेदन पर उचित और त्वरित वैधानिक कार्रवाई करने की विनम्र अपील की है।

# ट्रैक्टर की टक्कर से साइकिल सवार की मौत

छतरपुर। राजनगर थाना क्षेत्र के फोजदार मोहल्ला निवासी नसरुधीन जोगी (36) पिता इमामी जोगी की सड़क हादसे में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार नसरुधीन जोगी साइकिल से कहीं जा रहे थे, तभी तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए।घटना के बाद उन्हें तत्काल राजनगर अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। मामले की जांच की जा रही है।



# बद्रीनाथ में आज से पांच दिवसीय श्री सत्यनारायण कथा शुरू



### पूर्ण हुई बागेश्वर महाराज की 21 दिवसीय कठिन साधना

छतरपुर। दुनिया भर में सनातन आस्था का केंद्र बने बागेश्वर धाम के पीठाधीश पं.धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री पिछले 21 दिनों से बर्फीले पहाड़ों में कठिन तप एवं साधना में लीन रहे। महाराज जी की 21 दिनों की कठिन साधना भगवान बद्री विशाल की पावन सन्निधि, बालाजी महाराज के आशीर्वाद और सतगुरु भगवान सन्यासी बाबा की कृपा से सफलतापूर्वक एवं निर्विघ्न संपन्न हुई। इस विशेष साधना के दौरान महाराज श्री ने बर्फीले और कठिन पर्वतीय क्षेत्र में लगातार 11 दिनों तक कठोर तपस्या की। इसके पश्चात खाक चौक स्थित हनुमान मंदिर में 10 दिनों तक विशेष साधना और आराधना कर राष्ट्र एवं सनातन संस्कृति की मंगलकामना की। 27 मई से 31 मई तक बद्रीनाथ धाम में पूज्य महाराज श्री सत्यनारायण भगवान की कथा श्रवण कराएंगे। साधना के बाद कुटिया से बाहर आए महाराज श्री ने देश-विदेश से पहुंचे भक्तों से भेंट कर उन्हें आशीर्वाद दिया। इस मौके पर हनुमानगढ़ी के महंत राजू दास महाराज सहित अन्य संतवृंद भी महाराज श्री से भेंट करने पहुंचे।

### 13 घंटे तक दुर्गम रास्तों के साथ की नारायण पर्वत की परिक्रमा

साधना काल में महाराज श्री ने पूज्य बालक योगेश्वर दास महाराज के साथ लगभग 13 घंटे पैदल चलकर पवित्र नारायण पर्वत की परिक्रमा भी पूर्ण की। कठिन मौसम, दुर्गम रास्तों और तपस्वी अनुशासन के बीच पूरी हुई यह साधना श्रद्धालुओं के लिए आस्था, तप और संकल्प का प्रेरणास्त्रोत बन गई है।

### राष्ट्र के कल्याण के लिए समर्पित किया साधना का फल

महाराज श्री ने अपनी इस साधना से प्राप्त तप, ऊर्जा और आध्यात्मिक संकल्प को राष्ट्र सेवा एवं जनकल्याण के लिए समर्पित किया। श्रद्धालुओं और भक्तों के बीच इस साधना पूर्ण होने पर हर्ष और उत्साह का वातावरण है। महाराज श्री ने कहा कि इस तप से जो भी शक्ति सृजित हुई है वह राष्ट्र के काम आए ऐसी भगवान बद्री विशाल के चरणों में प्रार्थना है।

# देवी अहिल्याबाई होल्कर जयंती पर पाल समाज ने निकाली भव्य शोभायात्रा



छतरपुर। देवी अहिल्याबाई होल्कर जी की जयंती के उपलक्ष्य में मंगलवार को पाल समाज द्वारा शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और पूरे उत्साह के साथ शामिल हुए। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश राज्य पशुधन एवं कुक्कुट विकास निगम के अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त केशव सिंह बघेल विशेष रूप से उपस्थित रहे।शोभायात्रा की शुरुआत मोटे के महावीर मंदिर से की गई, जो शहर के प्रमुख मार्गों से होकर निकली। यात्रा के दौरान समाज के युवा, महिलाएं एवं बुजुर्ग पारंपरिक वेशभूषा में नजर आए। ढोल-नगाड़ों और डीजे की धुन पर समाज के लोग झूमते-नाचते हुए आगे बढ़े, जिससे पूरे मार्ग पर उत्सव जैसा माहौल बना रहा। इस अवसर पर समाज के पदाधिकारियों ने देवी अहिल्याबाई होल्कर के व्यक्तित्व एवं उनके समाज सेवा के कार्यों को याद करते हुए उन्हें प्रेरणास्त्रोत बताया। शोभायात्रा का विभिन्न स्थानों पर स्वागत भी किया गया।

# जिला अस्पताल के सामान्य वार्ड में अव्यवस्थाओं का अंबार



छतरपुर। जिला चिकित्सालय छतरपुर में बुनियादी सुविधाओं की बदहाली और भीषण अव्यवस्थाओं को लेकर एक गंभीर मामला सामने आया है। गल्ला मंडी निवासी अधिवक्ता अभिलेख खरे ने इस संबंध में जिला कलेक्टर को एक लिखित शिकायती आवेदन सौंपकर अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही को उजागर किया है। शिकायत में बताया गया है कि अस्पताल के सामान्य वार्डों में भर्ती मरीजों को इस भीषण गर्मी के मौसम में न्यूनतम सुविधाएं भी नसीब नहीं हो रही हैं, जिससे मरीजों और उनके परिजनों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

कलेक्टर को सौंपे गए पत्र के अनुसार शिकायतकर्ता जब अपने एक परिचित का हालचाल जानने जिला चिकित्सालय के चतुर्थ तल पर स्थित सामान्य वार्ड में पहुंचे, तो वहां के हालात बेहद चिंताजनक मिले। इस झुलसा देने वाली गर्मी में भी वार्ड के भीतर पंखे और कूलर सुचारू रूप से उपलब्ध नहीं हैं। हवा के अभाव में पूरा वार्ड तप रहा है, जिससे वहां मौजूद मरीज तो परेशान हैं ही, साथ ही स्वस्थ व्यक्ति के भी बीमार होने की स्थिति बन गई है। इसके अलावा वार्ड से जुड़े टॉयलेट की सफाई न होने से वहां भारी गंदगी और बदबू पसरी हुई है, तथा बदबू से राहत के लिए वार्ड में रूम फ्रेशनर या स्प्रे तक का इंतजाम नहीं किया गया है।

इस अमानवीय अव्यवस्था से मरीजों को हो रही अत्यधिक परेशानी को देखते हुए अधिवक्ता ने कलेक्टर से मानवीय और सहानुभूति पूर्वक विचार करने का अनुरोध किया है। उन्होंने मांग की है कि जिला अस्पताल की इन मूलभूत असुविधाओं को जल्द से जल्द ठीक कराया जाए ताकि मरीजों को राहत मिल सके। मामले की गंभीरता को देखते हुए इस शिकायत की प्रति मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी और सिविल सर्जन को भी अग्रेषित की गई है।

# गंगा दशहरा पर जल संरक्षण का संकल्प, महिलाओं ने ली जल स्रोतों की रक्षा की शपथ



सरवई। गंगा दशहरा के पावन अवसर पर जल संरक्षण और पर्यावरण सुरक्षा का संदेश देते हुए ग्राम में विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नवांकुर संस्था नारायण युवा विकास वाहिनी मंडल की अगुवाई में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में ग्रामीणों ने जल स्रोतों को बचाने और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

कार्यक्रम के दौरान गांव के जलाशयों, कुओं और पेड़ों की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। महिलाओं ने बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाते हुए जल स्रोतों की रक्षा, स्वच्छता बनाए रखने और जल बर्बादी रोकने की शपथ ली। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि जल ही जीवन का आधार है और आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए जल संरक्षण बेहद आवश्यक है। ग्रामीणों को वर्षा जल संचयन, पेड़ लगाने और प्राकृतिक जल स्रोतों को संरक्षित रखने के लिए प्रेरित किया गया। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा गांव-गांव पहुंचकर जल बचाने का संदेश दिया जा रहा है जिससे लोगों में पर्यावरण और जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ रही है। कार्यक्रम में मध्य प्रदेश जान अभियान परिषद से परामर्श दाता जितेंद्र शुक्ला,सामाजिक कार्यकर्ता जय बिहारी घोष, भगवान दीन कुशवाहा, रोशनी त्रिवेदी, शिव कुमारी कुशवाहा, कृष्ण कुशवाहा, नारायण युवा विकास वाहिनी से शुभम अवस्थी, गौरी प्रजापति, रामसखी अहिरवार, प्रेम अहिरवार आदि उपस्थित रहे।

# तहसीलदार व एसडीएम के आदेश के बाद भी भूमि पर कब्जा बरकरार, पीड़ित ने कलेक्टर से लगाई न्याय की गुहार



छतरपुर। तहसील घुवारा के अंतर्गत आने वाले ग्राम स्वारा में अदालती आदेशों के बावजूद एक पीड़ित किसान को उसकी खुद की भूमि पर कब्जा नहीं मिल पा रहा है। विपक्षी पार्टी द्वारा प्रशासनिक आदेशों की खुलेआम अवहेलना करने का एक मामला सामने आया है। इस संबंध में ग्राम स्वारा निवासी पीड़ित खुमना अहिरवार तनय पचुवा अहिरवार ने जिला कलेक्टर छतरपुर को एक आवेदन सौंपकर राजस्व न्यायालय के आदेश का कड़ाई से पालन कराने और अपनी पैतृक भूमि पर वापस कब्जा दिलाए जाने की गुहार लगाई है। कलेक्टर को सौंपे गए शिकायती पत्र के अनुसार आवेदक खुमना अहिरवार की ग्राम स्वारा में स्थित भूमि है। इस भूमि का 31 मई 2023 को राजस्व अधिकारियों और पटवारी हल्का द्वारा विधिवत सीमांकन किया गया था, जिसकी सूचना अनावेदकगण तुलसी रजक, पप्पू रजक और अशोक रजक सभी निवासी ग्राम घुवारा को दी गई थी और वे मौके पर मौजूद भी थे। सीमांकन के बाद तैयार पंचनामा और फील्डबुक के आधार पर आवेदक ने तहसीलदार न्यायालय घुवारा में अनावेदकों के खिलाफ बेदखली का दावा लगाया था। न्यायालय तहसीलदार ने मामले की सुनवाई करते हुए आवेदक के पक्ष में फैसला सुनाया और अनावेदकों को कब्जा हटाने का आदेश दिया था। तहसीलदार के इस फैसले के खिलाफ विपक्षी अनावेदकों ने एसडीएम न्यायालय बड़ामलहरा के समक्ष अपील दायर की थी, लेकिन वहां भी उनकी अपील को खारिज कर दिया गया और तहसीलदार घुवारा के आदेश को यथावत रखा गया। इसके बावजूद अनावेदकों ने पीड़ित की भूमि से अपना अवैध कब्जा नहीं हटाया है। प्रशासनिक आदेशों के बाद भी न्याय न मिलने से परेशान पीड़ित ने अब कलेक्टर से आदेशों का कड़ाई से पालन करवाने तथा दोषियों के खिलाफ सख्त कदम उठाकर उसे अपनी भूमि का वास्तविक कब्जा वापस दिलाने की मांग की है।

# स्वर्गीय सूर्य प्रताप सिंह बुंदेला की स्मृति में निशुल्क नेत्र शिविर आयोजित

छतरपुर। स्वर्गीय सूर्य प्रताप सिंह बुंदेला 'चीनी राजा की पुण्य स्मृति में मंगलवार को हनुमान टोरिया मंदिर परिसर में निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन हनुमान टोरिया सेवा समिति द्वारा किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर नेत्र परीक्षण कराया। समाजसेवी गिरजा पाठकर ने जानकारी देते हुए बताया कि समिति द्वारा प्रत्येक माह की 26 तारीख को निशुल्क नेत्र शिविर लगाया जाता है, ताकि जरूरतमंद लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। उन्होंने बताया कि इस बार आयोजित शिविर में 180 मरीजों का पंजीयन किया गया, जिनका विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा परीक्षण किया गया। जांच के दौरान 35 मरीजों को मोतियाबिंद से पीड़ित पाए जाने पर ऑपरेशन हेतु चिन्हित किया गया। शिविर में मरीजों को आवश्यक परामर्श एवं दवाइयां भी उपलब्ध कराई गईं। आयोजन में समिति के सदस्यों एवं स्थानीय लोगों का विशेष सहयोग रहा।

धरती की कोख में पानी और धरती पर हरियाली रहने पर ही जीवों और पौधों का जीवन सुरक्षित

# जल संरक्षण में योगदान भावी पीढ़ी के जीवन बचाने का प्रयास है - कमिश्नर

## स्कूल भवनों तथा छात्रावासों की साफ-सफाई एवं सुधार कराएं

रीवा।

**कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद ने कहा कि सभी अधिकारी जल गंगा संवर्धन अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं।**



जल संरक्षण में योगदान भावी पीढ़ी के जीवन बचाने का प्रयास है। धरती की कोख में पानी और धरती पर हरियाली रहने पर ही जीवों और पौधों का जीवन सुरक्षित रहेगा। जल का संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत सभी अधिकारी और कर्मचारी सप्ताह में केवल दो घंटे श्रमदान करके जल संरक्षण और संवर्धन के कार्यों में अतुलनीय योगदान दे सकते हैं। अभियान के दौरान शासकीय भवनों में रूफ हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने तथा हैण्डपंपों में रिचार्ज पिट लगाने के कार्य प्राथमिकता से कराएं। जल संरक्षण के सभी प्रयासों की जानकारी अभियान के पोर्टल पर अद्यतन दर्ज कराएं। कमिश्नर ने कहा कि संयुक्त संचालक शिक्षा स्कूल खुलने से पहले स्कूल भवनों और छात्रावासों की साफ-सफाई तथा आवश्यक होने पर सुधार कार्य कराएं। छात्रावासों में पानी, प्रकाश, साफ-सफाई, भोजन और शौचालय की समुचित व्यवस्था करें। ई आफिस में रीवा संभाग पिछले आठ महीने से प्रदेश में प्रथम स्थान पर बना हुआ है। सभी फाइलें और पत्र ई आफिस के माध्यम से ही भेजें। मैहर, मऊगंज और सतना जिले में ई आफिस व्यवस्था संतोषजनक नहीं है। अधीनस्थ अधिकारियों से समस्त कार्य ई आफिस के माध्यम से ही संचालित कराएं। सीएम हेल्पलाइन में मई माह की रैंकिंग में सभी अधिकारियों ने अच्छे प्रयास किए जिससे सभी जिले ए ग्रेड में थे। सभी विभाग भी संतुष्टिपूर्वक आवेदन पत्र निराकृत करके लगातार ए ग्रेड में रहें। राजस्व, गृह, खाद्य, श्रम, ग्रामीण विकास विभाग, नगरीय निकाय, स्वास्थ्य तथा पीएचई विभाग के अधिकारी सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण पर विशेष ध्यान दें। कमिश्नर ने कहा कि सभी अधिकारी संभागीय समीक्षा बैठक के निर्देशों पर समुचित कार्यवाही करके एक सप्ताह में पालन प्रतिवेदन आनलाइन दर्ज कराएं। इसी तरह कमिश्नर्स कान्फ्रेंस के एजेण्डा बिन्दुओं पर भी समुचित कार्यवाही करके प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। अधीक्षण यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देशित करके स्टापडेमों के गेट खुलवा दें। जिन स्थानों पर निस्तार और पेयजल के लिए स्टापडैम के पानी का उपयोग किया जा रहा है वहाँ के गेट बंद रहने दें। संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास सभी आंगनवाड़ी केन्द्रों में रूफ हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने तथा पोषण वाटिका निर्माण के संबंध में दिए गए निर्देशों का जिलेवार प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। अधीक्षण यंत्री पीएचई हैण्डपंपों तथा नलजल योजनाओं के सुधार की विकासखण्डवार जानकारी प्रतिदिन दें। पेयजल के संबंध में प्राप्त शिकायतों का तत्काल निराकरण कराएं। आपूर्ति नियंत्रक उपार्जित गेंहू का तत्काल परिवहन और सुरक्षित भण्डारण कराएं। जिन केन्द्रों में एक भी पंजीकृत किसान शेष नहीं है उन केन्द्रों को बंद कराएं। महाप्रबंधक एमपीआरडीसी रीवा बाईपास पुल से 31 मई तक हरहाल में आवागमन शुरू करा दें। समय सीमा का पालन न करने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। बैठक में कमिश्नर ने शिशुओं तथा महिलाओं के टीकाकरण, हाईरिस्क गर्भवती महिलाओं की जाँच और उपचार, कुपोषण नियंत्रण, बाढ़ से बचाव की तैयारी तथा खाद और बीज की आपूर्ति के संबंध में संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में संयुक्त आयुक्त सुदेश मालवीय, उपायुक्त राजस्व एलएल अहिरवार, एसडीओ वन हितेश खण्डेलवाल तथा अन्य संभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### अकौरी मे युवक युवती का शव कुएं में मिलने से हड़कंप

**मऊगंज।** जिले के नईगढ़ी थाना क्षेत्र के अकौरी गांव में मंगलवार सुबह रिश्ते में बाबा और पोती बताए जा रहे युवक-युवती के शव कुएं में मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। घटनास्थल से मोबाइल फोन, सिंदूर और अन्य सामान मिलने के बाद मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा माना जा रहा है।मृतका की पहचान रेशमा साकेत (17) पिता राजभूषण साकेत और मृतक की पहचान शिवकुमार साकेत (24) पिता रामसिया साकेत निवासी अकौरी के रूप में हुई है। मंगलवार सुबह परिजनों ने घर से करीब 300 मीटर दूर कुएं के पास मोबाइल और अन्य सामग्री देखी, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। नईगढ़ी थाना और रामपुर चौकी पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से कुएं में तलाश कर दोनों शव बाहर निकलवाए। जानकारी के अनुसार रेशमा 19 मई को भी घर से लापता हुई थी। परिजनों ने 20 मई को उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई थी। पुलिस ने 23 मई को उसे दस्तयाब कर परिवार को सौंप दिया था। सोमवार रात वह फिर घर से गायब हो गई थी।मृतका के परिजनों ने बताया कि शिवकुमार रिश्ते में उसका बाबा लगता था। वहीं मृतक के परिजनों ने शरीर पर चोट के निशान होने की बात कही है। थाना प्रभारी ऋषि कुमार द्विवेदी ने बताया कि पंचनामा कार्रवाई के बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है।

## जनसुनवाई में भरण पोषण अधिनियम के तहत कार्यवाही के निर्देश प्रभारी कलेक्टर ने 652 आवेदकों की सुनी समस्यायें





**रीवा।** कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में प्रभारी कलेक्टर अक्षत जैन ने 652 आवेदकों की समस्यायें सुनीं तथा प्राप्त आवेदनों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्रेषित कर समुचित कार्यवाही करने के निर्देश दिये। लूक निवासी राजीव लोचन के अपने वारिसों द्वारा परवरिश न करने के आवेदन पर एसडीएम जवा को भरण पोषण अधिनियम के तहत कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने तमरी निवासी लाल जी पाठक के बच्चों के आधार कार्ड बनाने के लिये लोक सेवा प्रबंधक को तथा बैंक में खाता खोलने के लिये अग्रणी जिला प्रबंधक को कार्यवाही करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में सीईओ जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर, अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, एसडीएम डॉ. अनुराग तिवारी तथा डिप्टी कलेक्टर राजेश सिन्हा ने भी आवेदकों की समस्यायें सुनीं। कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित जनसुनवाई में रामाधार नाई नर्रहा, महेन्द्र पटेल पिपरवार, अखिलेश द्विवेदी मनगवां, बृजेन्द्र शर्मा डेल्ही, कौशल प्रसाद पटेल टीकर तथा अरूण पाल गायत्री नगर रीवा के सीमांकन के आवेदनों को संबंधित तहसीलदार को प्रेषित कर तीन दिवस में कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। इसी प्रकार जुमड़निया निवासी रामानंद सिंह को नक्शा सुधार करने, बांसी निवासी दिनेश सिंह के नक्शा तरमीम व सीमांकन करने, भलुही निवासी अरूण पाण्डेय के रास्ता दिलाने, जामू निवासी श्यामलाल साहू के अतिक्रमण हटाने के आवेदनों में संबंधित तहसीलदार को समुचित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है। जनसुनवाई में कोठार के धीरेन्द्र साकेत के धारणाधिकार पट्टा दिलाने के आवेदन पर एसडीएम हुजूर को तथा सेमरिया के रमाकांत द्विवेदी के इस्तलाबी कराने के आवेदन में एसडीएम सिरमौर को कार्यवाही करने के निर्देश प्रभारी कलेक्टर ने दिये। श्रीमती उर्मिला देवी पत्नी विन्धेश्वरीय प्रसाद वर्मा के सेवानिवत्ति के उपरांत प्राप्त हो रही पेंशन खाता को स्टेट बैंक द्वारा सीज किये जाने के आवेदन में जनसुनवाई करते हुए प्रभारी कलेक्टर ने स्टेट बैंक को खाता संचालन करने के निर्देश दिये। उन्होंने चमेली बाई साकेत निवासी अजगरहा के वृद्धावस्था पेंशन में रूकावट आने पर सीईओ जनपद रीवा को कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। लोकेश्वर प्रसाद मिश्रा निवासी कुशहा के पेयजल समस्या का निराकरण करने के आवेदन पर पीएचई विभाग को तथा अतुल सिंह वहरोलिया निवासी गोविंदगढ़ के अंत्येष्टि सहायता व संबल योजना का लाभ न मिलने के आवेदन पर नगर परिषद सीएमओ गोविंदगढ़ को समाधानकारक कार्यवाही हेतु प्रभारी कलेक्टर द्वारा निर्देशित किया गया।

लाइन फाल्ट बताकर बंद की जा रही सप्लाई

## भीषण गर्मी में बिजली संकट से कराह रहा ग्रामीण अंचल

रीवा।




भीषण गर्मी के बीच ग्रामीण क्षेत्रों में दिन-रात हो रही अघोषित विद्युत कटौती ने लोगों की मुश्किलें कई गुना बढ़ा दी हैं। हालात यह हैं कि 6- 24 घंटे में कई बार बिजली बंद की जाती है। कभी यह बताया जाता है। कि लाइन में फाल्ट आया तो कभी जम्फर टूटने तो कभी मेंटेनेंस के नाम पर बिजली बंद की जाती है। नियम बनाया गया है कि 24 घंटे में 10 घंटे तीन और वांकी समय टू- फेज बिजली चालू रहेगी। जबकि तीन फेज बिजली मुश्किल से 4 से 5 घंटे ही मिल पा रही है। विद्युत फीडरों के माध्यम से शहर और गांवों को बिजली सप्लाई की जाती है लेकिन वर्तमान में गांवों की व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। ग्रामीणों का कहना है कि मंडल द्वारा अपनाई गई कटौती की नई प्रणाली वर्ष 2003 के पहले जैसी स्थिति पैदा कर रही है।रात में नहीं मिल रही राहतग्रामीण इलाकों में रात के समय भी बार बार बिजली कटौती हो रही है। रात 8 बजे से सुबह 5 बजे के बीच कई बार सप्लाई बाधित होने से लोग ठीक से सो भी नहीं पा रहे हैं। गुढ़, मनिकवार, महसांव और बैकुंठपुर फीडरों से जुड़े उपभोक्ता विशेष रूप से परेशान हैं। आलम यह है कि विजली विभाग के कर्मचारी फोन तक उठानें के लिए तैयार नही है। ग्रामीण इलाको में विजली की समस्या का निदान अधिकारी नही खोज पा रहे है और सत्त पक्ष के लाग भी विजी की समस्या को लेकर कुछ नही पा रहे। किसान सज्जन शर्मा का कहना है कि गेहूं की मिंजाई के लिए थ्रेशर चलाना मुश्किल हो गया है। बिजली की खराब स्थिति किसानों के लिए बड़ी समस्या बन गई है। शिवम कुशवाहा गुड़ बताते हैं कि बिजली के बिनादिन रात काटना मुश्किल हो जाता है। ऊपर से ट्रिपिंग ने परेशानी और बढ़ा दी है। वहीं रामसजीवन तिवारी दुआरी के अनुसार गुढ़ तहसील के तमरा, जरहा और दानी, बेला गांवों में बिजली संकट से हाहाकार मचा हुआ है। जहां देखो वहीं ग्रामीण अंचल के लोग इन दिनों बिजली की समस्या को लेकर परेशान हैं।पानी का संकट बना सबसे बड़ी चिंतागर्मी के इस दौर में जलस्तर काफी नीचे चला गया है। हैंडपंप 120 फीट तक ही पानी खींच पा रहे हैं जिसके चलते अधिकांश लोग ट्यूबवेल पर निर्भर हैं। लेकिन बिजली न रहने से ट्यूबवेल नहीं चल पाते। रीवा शहर के पश्चिमी इलाकों के साथ रायपुर कर्चुलियान, गुढ़, जवा और सिरमौर तहसील के कई गांवों में हालात ऐसे हैं कि बिजली जाते ही पानी के लिए हाहाकार मच जाता है। तीन फेज बिजली की कमी का सीधा असर छोटे व्यवसायों पर पड़ा है। आटा चक्की, राइस मिल और निर्माण कार्यों में उपयोग होने वाली मशीनें बंद रहती है। इससे न सिर्फ व्यापारियों को नुकसान हो रहा है बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार भी प्रभावित हो रहा है।

### सामाजिक क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए डॉ श्रद्धा सिंह अहमदाबाद में सम्मानित हुईं




**रीवा ।** अहमदाबाद (गुजरात) में पीपल मैन फाउंडेशन एवं सामाजिक कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में शनिवार 23 मई को अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय में कार्यरत अतिथि विद्वान, नारी चेतना चेतना मंच की वरिष्ठ नेत्री डॉ श्रद्धा सिंह एडवोकेट को समाज कल्याण पर्यावरण संरक्षण एवं जन जागरूकता क्षेत्र में कार्य के लिए दिए जाने वाले सरदार वल्लभभाई पटेल मेमोरियल अवार्ड से सम्मानित किया गया। डॉ श्रद्धा सिंह को विशेष रूप से महिला सशक्तिकरण, बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने एवं दहेज प्रथा जैसी सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाने उनके उत्कृष्ट कार्य हेतु सम्मान से नवाजा गया। डॉ श्रद्धा सिंह ने कहा है कि यह सम्मान केवल मेरा नहीं, बल्कि उन सभी बेटियों, महिलाओं और परिवारों का सम्मान है जो समाज में बदलाव की सोच के साथ आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह हमेशा समाज सेवा, बेटियों की शिक्षा और महिलाओं के अधिकारों के लिए अपनी आवाज बुलंद करती रहेंगी। डॉ श्रद्धा सिंह को सम्मानित किए जाने पर नारी चेतना मंच, समता सम्पर्क अभियान एवं बड़ी संख्या में उनके सहयोगियों शुभचिंतकों ने बधाई और शुभकामना संदेश दिए हैं।

## जैन साध्वियों की मौत मामले में एसआईटी टीम करेगी जांच, मानवाधिकार आयोग के नोटिस के बाद पुलिस ने दोबारा शुरू की पड़ताल, एफएसएल टीम ने कराया सीन रीक्रिएट



**रीवा।** रीवा शहर में कलेक्ट्रेट के पास सड़क हादसे में दो जैन साध्वियों की मौत के मामले ने अब नया मोड़ ले लिया है। घटना के सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद जैन समाज ने पूरे मामले पर गंभीर सवाल उठाते हुए इसे केवल सड़क दुर्घटना मानने पर आपत्ति जताई है। समाज की ओर से घटना को लेकर संदेह व्यक्त किए जाने के बाद वही मानवाधिकार आयोग द्वारा डीजीपी मध्य प्रदेश को नोटिस जारी करने के बाद पुलिस प्रशासन ने मामले की जांच के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन कर दिया है। गौरतलब है कि 20 मई को रीवा शहर के कलेक्ट्रेट क्षेत्र में हुई इस दर्दनाक घटना में जैन समाज की पूज्य आर्यिका श्रुतमति माता एवं उपशममति माता की कार की टक्कर से मौत हो गई थी। घटना के बाद प्रारंभिक जांच में इसे सड़क हादसा माना गया था, लेकिन अब सामने आए सीसीटीवी वीडियो ने पूरे मामले को नए दृष्टिकोण से देखने के लिए मजबूर कर दिया है। सामने आए वीडियो फुटेज में देखा गया कि सड़क पर चल रही कार अचानक साध्वियों की दिशा की ओर मुड़ती दिखाई दे रही है और उन्हें टक्कर मारते हुए आगे निकल जाती है। इसी फुटेज के आधार पर जैन समाज ने घटना पर सवाल उठाते हुए आशंका जताई है कि कहीं यह केवल सामान्य दुर्घटना न होकर कोई सुनियोजित कृत्य तो नहीं है। समाज के प्रतिनिधियों ने घटना की निष्पक्ष एवं गहन जांच की मांग की है। जैन समाज की मांग और मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने जांच के लिए एसआईटी का गठन कर दिया है। गठित विशेष जांच दल में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप मिश्रा, सीएसपी रीतू उपाध्याय, थाना प्रभारी विजय सिंह, थाना प्रभारी हितेन्द्रनाथ शर्मा तथा यातायात थाना प्रभारी अनीमा शर्मा सहित अन्य अधिकारी शामिल किए गए हैं। एसआईटी अब घटना से जुड़े सभी पहलुओं की विस्तार से जांच करेगी। घटना के बाद पुलिस ने कार चालक रसीद आबाद अली शाह, निवासी नागपुर, को जबलपुर से हिरासत में लिया था। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि वह उत्तर प्रदेश के बलरामपुर में अपनी बहन के विवाह समारोह में शामिल होकर अपने बेटे और बेटी के साथ वापस लौट रहा था। चालक के अनुसार उसने पूरी रात लगातार वाहन चलाया था, जिसके कारण सुबह उसे झपकी आ गई और वाहन अनियंत्रित होकर साध्वियों से टकरा गया। हालांकि अब पुलिस आरोपी के बयानों की तस्दीक करने के साथ-साथ सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी साक्ष्यों और अन्य परिस्थितिजन्य तथ्यों का भी परीक्षण कर रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद ही घटना के वास्तविक कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा। इस घटना के बाद जैन समाज में भारी आक्रोश और शोक का माहौल है। समाज के लोगों का कहना है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर सच्चाई सामने लाई जाए ताकि किसी भी प्रकार की आशंका या भ्रम की स्थिति समाप्त हो सके।

### ढाबे में युवक पर हमला करने वाले एक आरोपी गिरफ्तार, दूसरे की तलाश जारी

**रीवा।** जिले के बैकुंठपुर थाना क्षेत्र में स्थित एक ढाबे में युवक के साथ हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि दूसरे आरोपी की तलाश जारी है। घटना के बाद क्षेत्र में कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया था। जानकारी के अनुसार बैकुंठपुर थाना क्षेत्र के ग्राम माड़ौ स्थित शाने पंजाब ढाबा में बीती रात दो पक्षों के बीच विवाद के बाद मारपीट की घटना सामने आई। बताया गया है कि शिकायतकर्ता स्वप्निल गुप्ता अपने कुछ दोस्तों के साथ ढाबे में खाना खाने पहुंचा था। उसी दौरान माड़ौ निवासी धीरेंद्र सिंह और सनी सिंह भी वहां मौजूद थे। प्रत्यक्ष जानकारी के अनुसार किसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हुई, जो देखते ही देखते विवाद में बदल गई। विवाद बढ़ने के बाद स्थिति तनावपूर्ण हो गई और मामला मारपीट तक पहुंच गया। आरोप है कि सनी सिंह और धीरेंद्र सिंह ने मिलकर स्वप्निल गुप्ता के साथ मारपीट की, जिससे वह घायल हो गया। घटना के बाद पीड़ित द्वारा बैकुंठपुर थाने पहुंचकर मामले की शिकायत दर्ज कराई गई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी सनी सिंह को गिरफ्तार कर लिया। बैकुंठपुर थाना प्रभारी श्रृंगेश राजपूत ने बताया कि शिकायत मिलने के बाद पुलिस टीम ने आरोपियों की तलाश शुरू की थी। कार्रवाई के दौरान एक आरोपी सनी सिंह को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है।

## कलेक्टर ने 85 आवेदनों पर जन सुनवाई कर विभागीय अधिकारियों को कार्यवाही हेतु किया प्रेषित



**मऊगंज(** कलेक्टर संजय कुमार जैन ने कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई के दौरान प्राप्त 85 आवेदनों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्रेषित कर समुचित कार्यवाही करने के निर्देश दिये। मुन्नीलाल तिवारी के खसरा सुधार व नामांतरण, नक्शा तरमीम की जांच के संबंध में प्राप्त आवेदन को एसडीएम मऊगंज को कार्यवाही हेतु प्रेषित किया। उन्होंने अतुल साहू निवासी मऊगंज वार्ड 7 के सार्वजनिक हैण्डपंप को अतिक्रमण मुक्त करने के आवेदन पर कार्यपालन यंत्री पीएचई व सीएमओ नगर परिषद को, दिलीप कुमार यादव के खेत के ऊपर से बड़ी विद्युत लाइन को हटाने के आवेदन पर एमपीईबी को, रामबहोर निवासी शाहपुर के राजस्व अभिलेख में सुधार के आवेदन को नायब तहसीलदार शाहपुर को तथा सूर्यमणि द्विवेदी निवासी बरयाकला के विद्युत बिल में सुधार के आवेदन पर एमपीईबी को परीक्षण कर कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

जनसुनवाई में रामबदन पटेल जुड़मनिया रघुनाथ के षणयंत्र पूर्वक भूमि को दान पत्र रजिस्ट्री कराने के आवेदन पर नायब तहसीलदार को जांचकर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने तथा हर्रहा में बिना सहमति के खदान स्वीकृत न करने के ललिता मौर्य के आवेदन पर खनिज विभाग के अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही के लिये कलेक्टर द्वारा निर्देशित किया गया। रामसिया साहू निवासी चक्रमाटी के शासकीय बोर से पानी लेने में प्रतिबंध के संबंध में प्राप्त आवेदन पर सीईओ जनपद मऊगंज को जांचकर कार्यवाही करने तथा हनुमना के पांती मिश्रान टोला में छोलाछाप डॉक्टर द्वारा चिकित्सा करने के राजेश कुमार केवट के आवेदन पर एसडीएम हनुमना को छापामार कार्यवाही कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश कलेक्टर ने जनसुनवाई मे दिये।

## वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश : लावारिस कार से खुला राज, 4 आरोपी गिरफ्तार, 2 कार और 3 बाइक बरामद

**रीवा।** शहर में लावारिस हालत में मिले एक चोरी के वाहन ने वाहन चोरी करने वाले एक संगठित गिरोह की परतें खोल दीं। समान थाना पुलिस की जांच में ऐसे गिरोह का खुलासा हुआ है, जो लंबे समय से रीवा और सतना जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में वाहन चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहा था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है।



आरोपियों के कब्जे से दो चारपहिया वाहन और तीन मोटरसाइकिलें बरामद की गई हैं। पुलिस के अनुसार गिरोह का तरीका काफी अलग था। आरोपी शहर के बजाय ग्रामीण क्षेत्रों को निशाना बनाते थे, ताकि सीसीटीवी कैमरों और पुलिस निगरानी से बचा जा सके। पुलिस का दावा है कि आरोपियों ने पूछताछ में कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी हैं, जिनके आधार पर आगे भी अन्य चोरी की घटनाओं के खुलासे की संभावना जताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक, 5 मई को समान थाना क्षेत्र के रतहरी इलाके से एक चारपहिया वाहन चोरी होने की शिकायत पुलिस को प्राप्त हुई थी।शिकायत दर्ज होने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की और वाहन की तलाश तेज कर दी। जांच के दौरान चोरी हुआ वाहन खुटेही क्षेत्र में लावारिस हालत में खड़ा मिला। इसके बाद पुलिस को पूरे मामले में कुछ बड़े सुराग मिले। लावारिस वाहन मिलने के बाद पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू की। फुटेज के आधार पर दो संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान की गई, जिनकी पहचान सचिन सेन निवासी मनकहरी और आकाश विश्वकर्मा निवासी आनंद नगर के रूप में हुई। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि दोनों आरोपी इस पूरे गिरोह के मुख्य सदस्य और कथित रूप से सरगना की भूमिका में थे। पुलिस ने संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो मामले में कई महत्वपूर्ण खुलासे हुए। पूछताछ के आधार पर पुलिस ने सत्यम पटेल निवासी रतहरा और राज तिवारी उर्फ कान्हा निवासी मनकहरी को भी गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपियों ने पूछताछ के दौरान स्वीकार किया कि वे रीवा और सतना के ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार वाहन चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे। आरोपियों की निशानदेही पर नए बस स्टैंड स्थित पानी टंकी के पास से तीन चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की गईं, जबकि एक अन्य लग्जरी कार अजगरहा क्षेत्र से जब्त की गई। जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी खुद को सेलिब्रिटी बताकर लोगों के बीच अपनी अलग पहचान बनाने का प्रयास करते थे। पुलिस के अनुसार इसी कारण वे शहरी क्षेत्रों में सक्रिय होने से बचते थे और कैमरों की निगरानी से दूर ग्रामीण इलाकों को अपना मुख्य निशाना बनाते थे। फिलहाल पुलिस ने सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश कर दिया है। अब पुलिस आरोपियों को रिमांड पर लेकर उनसे अन्य चोरी की वारदातों के संबंध में पूछताछ कर रही है।